वर्ष 24, अंक 281, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net
प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 20 अप्रैल 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## महिला आरक्षण का नाम लेकर टीएमसी पर साधा निशाना

**बंगाल**


**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के बिष्णुपुर में 'विजय संकल्प सभा' को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस पर जोरदार निशाना साधा। उन्होंने महिला आरक्षण बिल का मुद्दा उठाते हुए आरोप लगाया कि संसद में इस बिल के दौरान टीएमसी की भूमिका ने बंगाल की महिलाओं के साथ विश्वासघात किया है।

महिला सशक्तिकरण पर भाजपा का जोर

पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा की मुख्य पहचान महिलाओं की सुरक्षा और उनके सशक्तिकरण से जुड़ी है। इसी कारण से देश भर की महिलाएं भाजपा पर भरोसा जताती हैं। उन्होंने अपनी मंशा जाहिर करते हुए कहा कि वे चाहते हैं कि विकसित भारत के निर्माण में बेटियों की भूमिका और अधिक बढ़े, ताकि राजनीति में भी उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

टीएमसी पर संविधान विरोधी होने का आरोप

प्रधानमंत्री ने टीएमसी पर तीखे हमले करते हुए कहा कि यह पार्टी घुसपैठियों को लाभ पहुंचाने के लिए कानून और नियमों को ताक पर रख देती है। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी धर्म के आधार पर आरक्षण देकर संविधान की मूल भावना को नुकसान पहुंचा रही है। इसके अलावा, उन्होंने टीएमसी को आदिवासी-विरोधी बताते हुए कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अपमान करके उन्होंने बंगाल की बहनों की भावनाओं को आहत किया है। जिसे वे कभी नहीं भूलेंगी।



### 'आदिवासी विरोधी हैं ममता, घुसपैठ के जरिए बदल रही बंगाल की संस्कृति'- पीएम मोदी

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में एक रैली को दौरान तृणमूल कांग्रेस को आड़े हाथों लिया. उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वे आदिवासी विरोधी हैं. पीएम मोदी ने टीएमसी पर घुसपैठ को बढ़ावा देने का भी आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि घुसपैठ की वजह से बंगाल की भाषा और संस्कृति बदल रही है. उन्होंने टीएमसी पर महाजंगलराज कायम करने का आरोप लगाया.

पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि तृणमूल ने आदिवासियों की अनदेखी की, उनकी जमीनों पर कब्जा किया और इस क्षेत्र को भ्रष्टाचार, भय व पिछड़ेपन के चक्र में धकेल दिया. उन्होंने कहा, 'घुसपैठ के कारण बंगाल की भाषा और संस्कृति में बदलाव देखा जा रहा है.'

साल 2026 विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने अस्मिता और जनसांख्यिकीय मुद्दों पर अपना रुख और तेज कर दिया है. उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल सरकार के तहत संथाली भाषा और आदिवासी अस्मिता का अपमान हो रहा है, जबकि मदरसा शिक्षा के लिए रिकॉर्ड बजट आवंटित किया जा रहा है।

## भ्रष्टाचारी डीएमके और कांग्रेस को जनता सबक सिखाएगी



**तमिलनाडु**

**केंद्रीय** गृहमंत्री अमित शाह ने इरोड में एक रोड शो के दौरान कांग्रेस और DMK पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने आरोप लगाया कि इन दलों ने लोकसभा में महिला आरक्षण संशोधन विधेयक के खिलाफ वोट देकर देश की महिलाओं के साथ बड़ा विश्वासघात किया है। शाह ने इसे सिर्फ राजनीतिक विरोध नहीं, बल्कि महिलाओं को उनके हक और निर्णय लेने की प्रक्रिया से दूर रखने की एक सोची-समझी साजिश करार दिया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार इस साजिश को कभी सफल नहीं होने देगी।

तमिलनाडु के हितों की रक्षा का वादा

अमित शाह ने परिसीमन और जनगणना के मुद्दे को उठाते हुए कहा कि कांग्रेस और DMK, 2026 की जनगणना के आधार पर सीटों का पुनर्निर्धारण कर तमिलनाडु की लोकसभा सीटों को कम करने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने तमिलनाडु की जनता को आश्वस्त किया कि केंद्र सरकार राज्य के हितों की पूरी रक्षा करेगी और सीटों में कटौती की किसी भी कोशिश को नाकाम करेगी।

DMK की वंशवादी राजनीति पर प्रहार

चुनावी रैली में शाह ने DMK पर तीखे हमले किए और उन पर वंशवादी राजनीति का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पहले एम करुणानिधि, फिर एमके स्टालिन और अब उदयनिधि स्टालिन, यह परिवार आधारित राजनीति राज्य के विकास के लिए हानिकारक है। साथ ही, उन्होंने डीएमके सरकार पर भ्रष्टाचार और बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर भी सवाल खड़े किए। शाह ने दावा किया कि अगर राज्य में AIADMK-बीजेपी गठबंधन की सरकार बनती है।

तो भ्रष्ट शासन का अंत होगा और प्रशासन में सुधार लाया जाएगा।

## तमिलनाडु में पटाखा फैक्ट्री में भीषण धमाका

### 16 की मौत, मुख्यमंत्री स्टालिन ने दो मंत्रियों को मौके पर भेजा

**तमिलनाडु**

**तमिलनाडु** के विरुधुनगर जिले के कट्टानारपट्टी गांव में स्थित एक पटाखा निर्माण इकाई में जोरदार धमाका हुआ। यह विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि इसने आसपास की चार अन्य पटाखा इकाइयों को भी अपनी चपेट में ले लिया। इस दुखद घटना में 16 लोगों की जान चली गई है, जबकि 6 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनका इलाज जारी है।

मुख्यमंत्री स्टालिन ने दिए निर्देश

घटना की जानकारी मिलते ही तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा, 'विरुधुनगर जिले के कट्टानारपट्टी में पटाखा फैक्ट्री में हुए धमाके में कई लोगों की मौत की खबर से मुझे गहरा दुख हुआ है। पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं।'



मुख्यमंत्री ने राहत और बचाव कार्यों को लेकर निर्देश दिए हैं। उन्होंने राज्य के मंत्रियों रामचंद्रन और थंगम थेन्नारासु को तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर बचाव कार्यों की निगरानी करने और प्रभावित परिवारों को सांत्वना देने के लिए कहा है।

मुख्यमंत्री ने जिला कलेक्टर से बात की है और उन्हें राहत कार्यों के समन्वय के लिए सभी जरूरी सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

## दिल्ली में गर्मी से नहीं मिलेगी राहत, 39 डिग्री तक पहुंचेगा तापमान

**दिल्ली**

**नोएडा**, गाजियाबाद, दिल्ली समेत पूरे एनसीआर में मौसम एक बार फिर करवट बदलने वाला है. मौसम विभाग द्वारा जारी ताजा पूर्वानुमान के अनुसार, हालांकि किसी भी प्रकार की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है, लेकिन आसमान में आंशिक बादल छाए रहेंगे.

दिल्ली-एनसीआर में हवा की रफ्तार 5 किलोमीटर प्रति घंटा रहेगी. इसके अलावा बारिश की संभावना 10 प्रतिशत जताई गई है।

## रैली में नशा कराकर फिकवाए जा रहे पेट्रोल बम



**इंफाल**

**इंफाल** पश्चिम के एसपी के. शिवकांत सिंह ने बताया कि शहर के अलग-अलग हिस्सों में पिछले कुछ दिनों से हो रही 'मीरा' रैलियों का स्वरूप बदल गया है। प्रदर्शनकारियों की आड़ में आए असामाजिक तत्वों ने इन रैलियों में शामिल होकर हिंसक गतिविधियों को अंजाम देना शुरू कर दिया है। ये लोग न केवल सुरक्षा बलों को निशाना बना रहे हैं, बल्कि कानून-व्यवस्था को भी बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं।

पेट्रोल बम-नशीले पदार्थों का उपयोग

एसपी ने खुलासा किया कि इन रैलियों के दौरान खतरनाक हथियारों का इस्तेमाल किया जा रहा है। इनमें पेट्रोल बम फेंकना, लोहे के टुकड़ों वाली गुलेल चलाना और सुरक्षा बलों पर भारी पत्थरबाजी करना शामिल है। इसके अलावा, रैलियों में शामिल कई लोग शराब या अन्य नशीले पदार्थों के नशे में पाए गए हैं। पुलिस ने यह भी बताया कि कुछ उकसाने वाले लोग भीड़ जमा होने से पहले ही सक्रिय रूप से पेट्रोल, केरोसिन बम और गुलेल जैसे हथियार लोगों तक पहुंचा रहे हैं।

पुलिस की सख्त कार्रवाई

पुलिस का कहना है कि इन उकसावों के बावजूद सुरक्षा बलों ने अब तक अधिकतम संयम बरता है ताकि कोई बड़ी जनहानि न हो। हालांकि, अब संबंधित एजेंसियां पूरी तरह सक्रिय हैं और अपने कानूनी कर्तव्यों का पालन कर रही हैं।

एसपी के. शिवकांत सिंह ने चेतावनी दी है कि हिंसा में शामिल लोगों के साथ-साथ ऐसे कृत्यों के लिए भीड़ को उकसाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ भी कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## अब अपनी इमेज बचाने के लिए रो रहे हैं?- ममता

**पश्चिम बंगाल**

**मुख्यमंत्री** ममता बनर्जी ने रविवार को चुनाव प्रचार के दौरान केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि भाजपा बंगाल में डर का माहौल बनाने के लिए युद्ध की गाड़ियां लेकर आई है, लेकिन बंगाल की जनता किसी भी कीमत पर डरने वाली नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे इस लड़ाई को लोकतांत्रिक तरीके से लड़ेंगी और भाजपा को परास्त करेंगी।



ममता बनर्जी ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वे प्रवासी श्रमिकों की भावनाओं का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि मजदूरों को गीता और अन्य धर्मग्रंथों की कसम खिलवाई जा रही है ताकि वे भाजपा के पक्ष में मतदान करें। मुख्यमंत्री ने इसे राजनीति का अब तक का सबसे गिरता हुआ स्तर करार दिया।

पीएम मोदी पर साधा निशाना

महिला आरक्षण बिल (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) पर चर्चा करते हुए ममता बनर्जी ने पीएम मोदी पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा, 'पिछले शुक्रवार को लोकसभा में बिल के मामले में सरकार को मुंह की खानी पड़ी है।' मुख्यमंत्री ने तंज कसा कि अब अपनी हार और खराब छवि को छिपाने के लिए प्रधानमंत्री रोने का नाटक कर रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि बिल 2023 में ही पारित हो गया था, तो उसे अब तक प्रभावी ढंग से लागू क्यों नहीं किया गया? उन्होंने कहा कि भाजपा महिलाओं के सम्मान की बात तो करती है, लेकिन उनकी मंशा में खोट है।

## महिला आरक्षण बिल गिरने पर अखिलेश यादव का पलटवार, बीजेपी की मंशा पर उठाए सवाल

**यूपी**



**महिला** आरक्षण बिल के संसद में गिरने के बाद समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने केंद्र सरकार को आड़े हाथों लिया है। अखिलेश यादव ने कहा कि बीजेपी ने नैतिक रूप से सरकार में बने रहने का अधिकार खो दिया है। उनका आरोप है कि बीजेपी इस बिल के जरिए महिलाओं का भला नहीं, बल्कि उनके साथ धोखा कर रही थी। 'आरक्षण नहीं, हक छीनने की साजिश'

सपा प्रमुख ने स्पष्ट किया कि वे आरक्षण के विरोध में नहीं हैं, बल्कि वे बीजेपी की गलत नियत के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी 33 फीसदी आरक्षण देने के बजाय महिलाओं का हक छीनना चाहती थी। अखिलेश ने कहा कि इस बिल में वोट बैंक की राजनीति छिपी थी और बीजेपी नहीं चाहती थी कि जनगणना के जरिए जातिवार आंकड़े सामने आएं।

## महिला आरक्षण पर रेखा गुप्ता का विपक्ष पर हमला

### 'बिल गिरने पर बजाईं तालियां, पीटीं मेजें'

**नई दिल्ली**

**लोकसभा** में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' (महिला आरक्षण बिल) के पास न हो पाने पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विपक्ष पर तीखा और करारा हमला बोला है. मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बिल पर विपक्ष का रवैया पूरी तरह से महिला विरोधी है. उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि विपक्ष के राजनीतिक 'मठाधीशों' को यह डर सता रहा है कि यदि महिलाएं राजनीति में आगे आईं, तो उनकी कुर्सी छिन जाएगी और उनकी पुरानी राजनीति खत्म हो जाएगी.



सीएम रेखा गुप्ता ने विपक्षी दलों पर परिवारवाद की राजनीति करने का गंभीर आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि कुछ दलों में आम महिलाओं को आगे बढ़ाने की कोई इच्छा ही नहीं है. उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा, "कांग्रेस पार्टी में सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा के अलावा कोई बड़ा महिला चेहरा नजर नहीं आता. इसी तरह समाजवादी पार्टी में भी मुख्य तौर पर सिर्फ डिंपल यादव ही दिखाई देती हैं." उन्होंने कहा कि ये पार्टियां सिर्फ अपने परिवार की महिलाओं को आगे करती हैं, आम महिलाओं को मौका नहीं देतीं.मुख्यमंत्री ने संसद के घटनाक्रम का जिक्र करते हुए बड़ा दावा किया. उन्होंने कहा कि जब यह ऐतिहासिक बिल लोकसभा में गिरा, तो विपक्ष के कई नेता खुश नजर आ रहे थे।

## वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यमुनोत्री धाम-गंगोत्री धाम के खुले कपाट

### जयकारों के बीच चारधाम यात्रा का शुभारंभ

**उत्तराखंड**

**उत्तराखंड** में विश्व प्रसिद्ध यमुनोत्री धाम के कपाट रविवार को वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक परंपराओं के अनुरूप विधि-विधान के साथ ठीक दोपहर 12 बजकर 35 मिनट और गंगोत्री धाम के कपाट 12 बजकर 15 मिनट पर ग्रीष्मकाल हेतु आम श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए. कपाट खुलने के साथ ही पूरा धाम ह्यजय मां यमुनाह्ण के जयकारों से गूंज उठा और वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया. इसके साथ ही चारधाम यात्रा विधिवत शुभारंभ हो गयी. कपाट उद्घाटन के पावन अवसर पर स्थानीय ग्रामीणों के साथ-साथ देश-विदेश से पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बनकर स्वयं को धन्य महसूस किया. श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला, वहीं मंदिर परिसर में सुबह से ही धार्मिक अनुष्ठान और पूजा-अर्चना का क्रम जारी रहा.

चारधाम यात्रा विधिवत शुभारंभ

इस अवसर पर श्री यमुनोत्री मंदिर समिति, प्रशासनिक अधिकारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा धाम पहुंचे तीर्थ यात्रियों का भव्य



स्वागत किया गया. यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा एवं सुगम दर्शन के लिए प्रशासन द्वारा विशेष प्रबंध किए गए हैं, ताकि चारधाम यात्रा सुचारू रूप से संचालित हो सके. धाम के कपाट खुलने के साथ ही चारधाम यात्रा का विधिवत शुभारंभ हो गया है, जिससे पूरे क्षेत्र में आस्था और उत्साह का माहौल बना हुआ है.

स्थानीय व्यापारियों और पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों को भी यात्रा सीजन से अच्छी उम्मीदें हैं. प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि यात्रा के दौरान मौसम, स्वास्थ्य और सुरक्षा निर्देशों का पालन करते हुए ही दर्शन करें, ताकि यात्रा सुरक्षित और सुखद बनी रहे। यहां बता दें कि इस वर्ष चारधाम यात्रा अमे यात्रियों कि सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किये गए हैं।

## मधु विहार में हुई 1 करोड़ की चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

**नई दिल्ली**

दिल्ली के पूर्वी जिले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. मधु विहार इलाके में हुई करीब 1 करोड़ रुपये की चोरी के मामले को सुलझाते हुए पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. इनमें चोरी का माल खरीदने वाला सुनार भी शामिल है. पुलिस ने आरोपियों के पास से बड़ी मात्रा में सोना, हीरे, चांदी के गहने और करीब 8 लाख रुपये नकद बरामद किए हैं.

दिल्ली पुलिस के मुताबिक यह घटना 1 अप्रैल 2026 की है, जब आर्य नगर अपार्टमेंट के एक घर में चोरी की शिकायत मिली. घर मालिक ने बताया कि वे 31 मार्च की शाम को घर बंद करके गए थे और अगले दिन लौटने पर ताले टूटे मिले. घर से करीब 1 करोड़ रुपये के गहने और 12 लाख रुपये नकद चोरी हो चुके थे. मामले की गंभीरता को देखते हुए स्पेशल स्टाफ और मधु विहार थाना पुलिस की दो टीमें बनाई गईं.

दिल्ली पुलिस ने 150 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और करीब 10 किलोमीटर तक आरोपियों के भागने का रास्ता ट्रैक किया. तकनीकी जांच और मुखबिरों की मदद से पुलिस ने पहले बाबलू और रामपाल को पकड़ा, फिर उनके साथी विशाल को गिरफ्तार किया. पूछताछ में सुनार रवि सोनी और एक महिला साथी पिंकी का नाम सामने आया, जिन्हें बाद में दबोच लिया गया।

## सीजफायर के उल्लंघन पर भड़के ट्रंप

### ट्रंप ने ईरान को दी धमकी, इस्लामाबाद में आखिरी दांव!

**पश्चिम एशिया**

**पश्चिम** एशिया में जारी युद्ध और कूटनीतिक गतिरोध के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर अपने चिर-परिचित अंदाज में ईरान को सख्त चेतावनी दी है. रविवार को एक ही बयान में ट्रंप के दो अलग-अलग तेवर देखने को मिले. एक तरफ उन्होंने ईरान के बुनियादी ढांचे को पूरी तरह नष्ट करने की धमकी दी, तो दूसरी तरफ पाकिस्तान में होने वाली दूसरे दौर की बातचीत के लिए 'उचित और तर्कसंगत' समझौते का प्रस्ताव भी रखा.

सीजफायर के उल्लंघन पर भड़के ट्रंप

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर अपनी बात रखते हुए ट्रंप ने ईरान पर गंभीर आरोप लगाए. उन्होंने लिखा, "ईरान ने कल स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में गोलियां चलाने का फैसला किया, यह हमारे संघर्षविराम समझौते का पूर्ण उल्लंघन है! उनमें से कई गोलियां एक फ्रांसीसी जहाज और ब्रिटेन के एक मालवाहक जहाज पर दागी गईं. यह अच्छा नहीं था, है ना?"

इस्लामाबाद में होगी अहम वार्ता

धमकियों के बीच ट्रंप ने कूटनीति का रास्ता खुला रखने का संकेत भी दिया. उन्होंने बताया कि उनके प्रतिनिधि सोमवार (20 अप्रैल) शाम बातचीत के लिए पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद पहुंच रहे हैं. ट्रंप ने लिखा कि वे वहां एक समझौते के लिए बातचीत करेंगे, जिसे उन्होंने "बहुत ही उचित और तर्कसंगत डील" करार दिया.

ब्लॉकेड और आर्थिक नुकसान का जिक्र



ट्रंप ने ईरान द्वारा स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को बंद करने की घोषणा पर तंज कसते हुए कहा कि अमेरिका की नाकेबंदी (इ'ड्ड'ीं) ने इसे पहले ही बंद कर दिया है. ट्रंप के अनुसार, ईरान कह रहा है कि वे रास्ता बंद कर रहे हैं, जो अजीब है क्योंकि हमारे 'ब्लॉकेड' ने इसे पहले ही बंद कर रखा है. वे अनजाने में हमारी मदद ही कर रहे हैं. इस रास्ते के बंद होने से ईरान को रोजाना $50 करोड़ का नुकसान हो रहा है, जबकि अमेरिका को कोई नुकसान नहीं है. बल्कि कई जहाज अब तेल भरने के लिए अमेरिका के टेक्सस, लुइसियाना और अलास्का जा रहे हैं.

'नो मोर मिस्टर नाइस गाय'

ट्रंप ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर ईरान इस समझौते को स्वीकार नहीं करता है, तो अंजाम बहुत बुरा होगा. उन्होंने लिखा, "मुझे उम्मीद है कि वे इसे स्वीकार कर लेंगे, क्योंकि अगर उन्होंने ऐसा नहीं किया, तो संयुक्त राज्य अमेरिका ईरान के हर एक पावर प्लांट और हर एक पुल को उड़ा देगा. अब कोई शराफत नहीं !

# सड़क हादसे में दो बुजुर्ग अनाज व्यवसायी मित्रों की मौत

अखंड भारत संदेश

**जारी।** बारा थाना क्षेत्र के गौहानी गांव के सामने रीवा रोड पर बाइक और चार पहिया वाहन की जोरदार टक्कर में बाइक सवार दो बुजुर्ग दोस्तों की मौत हो गई और चार पहिया गाड़ी पेड़ से जा टकराई जिस पर सवार लोगों को हल्की छोटे आई।

कौंधियारा थाना क्षेत्र के जारी बाजार के रहने वाले सेहत बहादुर केसरवानी 70 वर्ष पुत्र मोतीलाल और मोटरसाइकिल पर साथ बैठे बिहारी लाल अग्रहरि 70 वर्ष पुत्र बच्चू लाल अग्रहरि दोनों लोग मैदा गांव की तरफ जा रहे थे कि अचानक प्रयागराज से रीवा की ओर जा रही तेज रफ्तार कर ने जोरदार टक्कर मारते हुए पेड़ से जा टकराई जिस पर मोटरसाइकिल सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए आसपास के लोगों द्वारा पास के नजदीकी अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उक्त दोनों बाइक सवार की मौत हो गई। घटना से पूरे जारी बाजार में कोहराम मच गया दोनों परिवार के लोगों में चीख



पुकार मच गई। सेहत बहादुर केसरवानी और बिहारी लाल अग्रहरि दोनों बहुत पुराने दोस्त और व्यावसायिक पार्टनर भी रहे हैं उक्त दोनों व्यक्ति राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बहुत पुराने कार्यकर्ता थे जिसके चलते राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दर्जनों कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गया घटना से सब का मन काफी दुखी था। बारा पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चीर घर भेज दिया गया।

# मांडा में परशुराम जयंती मनाई गई

## भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जनप्रतिनिधि और संभ्रांत व्यक्ति हुए शामिल

### चौराहों पर घंटों रहा जाम आवागमन बाधित

अखंड भारत संदेश

**मांडा।** इलाकाई थाना मांडा क्षेत्र में भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम पंडित दीनानाथ विद्या मंदिर, चकडीहा, मांडा के प्रांगण में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे, जिनमें राकेश पांडेय, राकेश नाथ तिवारी, रामकृष्ण तिवारी, सतीश तिवारी, बच्चा पांडेय, विनय कुमार त्रिपाठी,दीपू तिवारी, विपिन पांडेय, वैदिक सेना प्रमुख श्याम नारायण भार्गव, रंजन मिश्रा और तनय पांडेय शामिल थे। मांडा क्षेत्र के समस्त जनप्रतिनिधि और संभ्रांत व्यक्ति भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन आनंद चौबे ने किया।

विद्यालय प्रांगण में उपस्थित गणमान्य लोगों के संबोधन के बाद एक शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में भगवान परशुराम की ध्वजा पताकाएं लहराई गईं। सभी उपस्थित लोगों ने 'जय परशुराम', 'जय श्री राम' और 'जय सनातन धर्म' के उद्घोष किए।

शोभायात्रा मांडा रोड चौराहा से शुरू होकर भारतगंज, मांडा खास, खवास का तारा, गिरधरपुर और चिलबिला होते हुए वापस मांडा रोड तक पहुंची। इस कार्यक्रम में नवयुवकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और इसे सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जहां भारतगंज, मांडा खास आदि





चौराहों पर घंटों जाम लगने से आवागमन बाधित रहा।

वही शोभायात्रा को शान्ति पूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए मांडा थाना प्रभारी माधव प्रसाद त्रिपाठी ने पुलिस प्रशासन और भारतगंज चौकी इंचार्ज सुभाष कुमार सिंह अपने दलबल के साथ कार्यक्रम स्थल पर मुस्तैद रहे।

# 11 मरीजों को दी नई रोशनी की उम्मीद

**हनुमानगंज।** रोटरी प्रयागराज संगम द्वारा ग्राम धनाइचा स्थित आशुतोष मेमोरियल स्कूल में रविवार को निःशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पार्षद अरुण मिश्रा ने किया। शिविर में वाराणसी के आर.जे. शंकर नेत्र चिकित्सालय के विशेषज्ञों ने बड़ी संख्या में ग्रामीणों की आंखों की जांच की।

जांच के दौरान मोतियाबिंद से ग्रसित 11 मरीजों को चिन्हित किया गया, जिन्हें रोटरी के माध्यम से निःशुल्क ऑपरेशन हेतु तत्काल वाराणसी भेजा गया। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष पवन श्रीवास्तव ने कहा कि रोटरी का लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति की सेवा करना है। आई कैंप के डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन शशांक जैन ने बताया कि अब तक डिस्ट्रिक्ट में 1000 से अधिक सफल ऑपरेशन कराए जा चुके हैं। स्कूल



प्रबंधक डॉ. गिरीश पांडेय की देखरेख में आयोजित इस शिविर में सचिव सचिन उपाध्याय ने संचालन किया। विशिष्ट अतिथि जज योगेश कुमार, नेहा चौहान और अरविंद शुक्ला ने मेडिकल टीम का उत्साहवर्धन किया। अतिथियों ने रोटरी के इस मानवीय प्रयास की सराहना की।

# पयागपुर में परशुराम जयंती धूमधाम से मनाई गई, निकली शोभायात्रा

**जंघई।** रविवार को पयागपुर तोखवीर बाबा मंदिर पर परशुराम भगवान की जयंती के उपलक्ष्य में सुंदरकांड का पाठ, शोभायात्रा एवं प्रसाद वितरण हुआ। यहां भगवान परशुराम की प्रतिमा का पूजन-अर्चन और माल्यार्पण किया गया वक्ताओं ने भगवान परशुराम के जीवन और आदर्शों पर प्रकाश डाला शोभायात्रा निकाली गई पूजन के उपरांत निकली जिसमें डीजे और विभिन्न देवी-देवताओं की झांकियां



शामिल थीं शोभायात्रा फूलों की वर्षा की गई। यात्रा में भगवान परशुराम के अलावा शिव-पार्वती, श्रीराम-सीता और हनुमान जी सहित कई अन्य देवी-देवताओं की झांकियां थीं, जिसमें बड़ी संख्या में पुरुषों ने भाग लिया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान परशुराम का जन्म अक्षय तृतीया के दिन हुआ था, जिसे अत्यंत शुभ माना जाता है। इस जयंती समारोह मे कार्यक्रम आयोजक संजीव पांडेय, सुरेश पांडेय प्रधान, पंकज पांडेय, अवधेश मिश्रा, आयुष मिश्रा, हर्ष पांडेय, यश पांडेय सहित तमाम सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

# 50 हजार के इनामी विकास को एसटीएफ ने हरियाणा से दबोचा, गैंगस्टर एक्ट में था वांछित

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) प्रयागराज को बड़ी सफलता हाथ लगी है। टीम ने अंतरराज्यीय शराब तस्करी मामले में फरार चल रहे आजमगढ़ निवासी आरोपी विकास सोरण को हरियाणा के जींद से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी लंबे समय से गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज मुकदमे में वांछित चल रहा था। पुलिस के अनुसार, विकास गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था और विभिन्न राज्यों में छिपकर रह रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए आजमगढ़ पुलिस ने 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

एसटीएफ को मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर टीम ने हरियाणा में दबिश दी और जींद से आरोपी को पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद उसे आवश्यक कानूनी कार्रवाई के लिए संबंधित जनपद को सौंपने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

अधिकारियों का कहना है कि आरोपी अंतरराज्यीय शराब तस्करी के संगठित गिरोह से जुड़ा रहा है और उसके खिलाफ पहले से ही कई गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर गिरोह के अन्य सदस्यों और नेटवर्क की जानकारी जुटाने में लगी है।

# छात्रों की मेहनत, लगन, अनुशासन से ही सफलता मिली : बृजेश पांडेय

**जंघई।** आर एन पब्लिक स्कूल सेमरी, प्रतापपुर में अव्वल आने वाले छात्रों को रविवार को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि विद्यालय के संस्थापक आर एन पांडेय, प्रबंधक बृजेश पांडेय एवं विद्यालय के टापर छात्र, छात्राओं उनके अभिवावकों का माल्यार्पण करके स्वागत किया गया। विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र, छात्राओं एवं अभिवावकों को सम्मानित करते हुए बृजेश पांडेय ने कहा कि छात्रों की मेहनत, लगन और अनुशासन ही उनकी सफलता की कुंजी है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को निरंतर प्रयास करते रहने और अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर रहने की प्रेरणा दी और हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया। विद्यालय के निदेशक राजेश पांडेय एवं प्रधानाचार्य अंजलि पुरवार ने बताया कि बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। समारोह की शुरूआत होनहार छात्र छात्राओं द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना द्वारा की गई गाजे बाजे बैंड के साथ बच्चों का स्वागत किया। इसके बाद दसवीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मंच पर प्रशस्ति पत्र, माला पहनाकर तथा उपहार




उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की गई। स्कूल प्रबंधन के अनुसार यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए और आगे भी इसी प्रकार मेहनत करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर शिक्षकों में सुखचैन, जावेद, चेतन पांडेय, खेमराज यादव, महेंद्र पटेल, राजेंद्र प्रसाद दुबे, सत्यम तिवारी, विनोद मौर्य, भोलेनाथ पटेल, दिनेश चंद्र द्विवेदी, विनोद यादव, राम प्रकाश, मोहम्मद रिजवान, राम मिश्रा, आरके मिश्र, जय प्रकाश, विवेक यादव, रंजीत यादव, विजय चौरसिया सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# हवाई फायरिंग से दहशत युवक तमंचे संग गिरफ्तार

**करछना प्रयागराज।** थाना क्षेत्र के बरदहा गांव में शनिवार रात पारिवारिक विवाद के चलते जमकर बवाल हुआ।रिश्तेदारी से आए करीब एक दर्जन युवकों ने हवाई फायरिंग करते हुए मारपीट की, जिससे गांव में दहशत फैल गई। ग्रामीणों ने मौके पर एक युवक को पकड़ लिया, जबकि अन्य फरार हो गए। पकड़े गए युवक के पास से अवैध पिस्तौल बरामद हुई है।

बरदहा निवासी अशोक यादव की तहरीर पर पुलिस ने मेजा थाना क्षेत्र के औंता गांव निवासी सौरभ गौतम पुत्र हरिप्रसाद गौतम के खिलाफ केस दर्ज किया है। बताया गया कि शनिवार रात करीब 8:30 बजे दो परिवारों के बीच विवाद हुआ था। इसी दौरान एक पक्ष ने अपने ससुराल पक्ष के लोगों को बुला लिया। मौके पर पहुंचे युवकों ने विवाद को बढ़ाते हुए हवाई फायरिंग शुरू कर दी।फायरिंग की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर जुट गए और युवकों को खदेड़ दिया। इस दौरान सौरभ ने अशोक यादव पर पिस्तौल से फायर कर दिया, लेकिन वह बाल-बाल बच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सौरभ को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही दो अन्य युवकों को भी हिरासत में लिया गया है, जबकि बाकी आरोपियों की तलाश जारी है।थाना प्रभारी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर फरार युवकों की पहचान की जा रही है। साथ ही बरामद पिस्तौल के स्त्रोत की भी जांच की जा रही है।

# धूमधाम से मनी भगवान परशुराम जयंती



अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** क्षेत्र में रविवार को भगवान परशुराम की जयंती हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर भव्य शोभायात्राएं निकाली गईं, जिनमें श्रद्धालुओं का भारी उत्साह देखने को मिला। भक्तों ने भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण कर और पुष्पांजलि अर्पित कर विधि-विधान से पूजन किया। कोहना पार्षद अनिल यादव के नेतृत्व में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में दर्जनों लोग एकत्रित हुए। इस दौरान परशुराम जय के गगनभेदी नारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में सामाजिक एकता की झलक भी देखने को मिली। इस अवसर पर मुख्य रूप से मनोज मिश्रा, अनिल राय, सुरेंद्र सिंह, परमात्मा सिंह, जगदीश यादव, अशोक राय, राजकुमार पाल, अशोक पटेल, घनश्याम सिंह और धर्मेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

# गारापुर में भगवान परशुराम की मनाई गई जयंती सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** गारापुर में नवयुवक ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में भगवान परशुराम की जयंती बड़े ही श्रद्धा, उत्साह और भव्यता के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय लोगों की भारी भागीदारी रही। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान परशुराम की विधि-विधान से पूजा-अर्चना और आरती के साथ हुई। इसके पश्चात वक्ताओं ने भगवान परशुराम के जीवन, उनके आदर्शों एवं समाज के प्रति उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। लोगों ने कहा कि भगवान परशुराम सत्य, धर्म और न्याय के प्रतीक हैं, जिनके विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत बने हुए हैं। इस दौरान आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। युवाओं द्वारा प्रस्तुत भक्ति गीतों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया और कार्यक्रम में विशेष आकर्षण का केंद्र बने।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नवयुवक ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक लवकेश मिश्र ने की, जबकि संचालन प्रदेश अध्यक्ष पंकज मिश्रा द्वारा किया गया। इस



अवसर पर आनंद मिश्रा, विनोद शुक्ल, शेषनारायण त्रिपाठी, प्रमोद शुक्ला, शाश्वत तिवारी, सूर्य मणि पाण्डेय, सुधीर द्विवेदी, अजीत पांडे, शारदा प्रसाद शुक्ला, मनीष त्रिपाठी, शुभम शुक्ला, कृष्ण देव दूबे, शिशिर मिश्रा, भुवनेश शुक्ला, संजय पांडेय, विजय तिवारी, रामशिरोमणि राहुल शुक्ला, भगवत मिश्रा, विनोद मिश्रा, डॉ. ए. एन. मिश्रा, आशीष शुक्ला, पंकज शुक्ला, प्रवेश कुमार शुक्ला, राजमणि शक्ला सहित संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# परशुराम की जयंती पर भव्य कार्यक्रम आयोजित कर क्षेत्र के दिग्गजों ने दिया एकता का बड़ा संदेश

## कहा – भगवान परशुराम के आदर्श हमें सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की देते हैं प्रेरणा, ज्ञान तप शौर्य और धर्म की रक्षा के लिए समर्पित उनके जीवन व आदर्शों को समाज में आत्मसात करने का लिया सामूहिक रूप से संकल्प

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** क्षेत्र के बिसहिजन कलां अधिकारी नगर स्थित सुंदरम गेस्ट हाउस में रविवार को भगवान परशुराम जयंती पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के गणमान्य और प्रबुद्ध जन बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इस दौरान पूरा परिसर श्रद्धा और उत्साह से जहां सराबोर दिखा, वहीं इस कार्यक्रम से क्षेत्र में एकता का बड़ा संदेश भी दिया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व ब्लॉक प्रमुख मेजा प्रेमशंकर शुक्ल उर्फ मुन्नन शुक्ला ने दीप प्रज्वलित कर किया। जिसके बाद भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया।

पूर्व ब्लाक मुन्नन शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान परशुराम के आदर्श हमें धर्म और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने समाज में एकता और भाईचारे को मजबूत करने की जिम्मेदारी पर जोर दिया।मुन्नन शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान

परशुराम के आदर्श हमें धर्म और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने समाज में एकता और भाईचारे को मजबूत करने की जिम्मेदारी पर जोर दिया। इसके बाद कई अन्य वक्ताओं ने भी भगवान परशुराम जीवन,उनके शौर्य,तप और धर्म रक्षा के आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डाला और लोगों से उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने उनके आदर्शों को आत्मसात करने और समाज में एकता बनाए रखने का सामूहिक रूप से संकल्प लिया। पूर्व विधायक आनंद कुमार उर्फ कलेक्टर पांडेय ने कहा कि भगवान परशुराम का जीवन अन्याय के विरुद्ध संघर्ष का प्रतीक है। उनके आदर्श आज भी समाज को सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। भाजपा नेता एवं दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन अधिवक्त सुशील मिश्रा ने उन्हें ज्ञान, तप और शौर्य का अद्वितीय संगम बताते हुए कहा कि उनका जीवन युवाओं के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा। इसी क्रम में युवा नेता सर्वेश कुमार तिवारी (बाबा तिवारी) ने परशुराम के अन्याय के खिलाफ डटकर खड़े होने के संदेश को रेखांकित किया और कहा कि उनके विचार समाज को नई दिशा देते हैं। इसी प्रकार आशीष मिश्रा ने नैतिक मूल्यों को मजबूत करने और समाज में अनुशासन व समरसता बढ़ाने के लिए उनके आदर्शों पर चलने और को अपनाने का आह्वान किया। क्षेत्र चर्चित जनसेवक एवं भाजपा नेता इंद्रदेव शुक्ला (राजू शुक्ला) ने प्रभु परशुराम जयंती को केवल उत्सव नहीं, बल्कि संकल्प का पर्व बताया। ओझा आयरल स्टील के संचालक रिंकू ओझा ने कहा कि भगवान परशुराम के आदर्श समाज को एकजुट करने का मार्ग प्रशस्त करते हैं। समाजसेवी एवं अधिवक्ता अभिषेक तिवारी ने इस महापर्व को संस्कार और परंपराओं की याद दिलाने वाला बड़ा और ऐतिहासिक पर्व बताते हुए समाज को संगठित रहकर एक-दूसरे का सहयोग करने की जोरदार अपील किया। इस मौके पर भारी संख्या में क्षेत्रीय आम नागरिक और प्रबुद्धजन तथा राजनैतिक लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



भगवान परशुराम की जयंती पर उनके आदर्शों पर चलने समाज में भाईचारा और एकता का संदेश देते मेजा राजनैतिक दिग्गज

# सेमरी के आर एन पब्लिक स्कूल में मेधावी छात्रों का भव्य सम्मान समारोह

**अखंड भारत संदेश**



**उतरांव।** CBSE द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में सेमरी स्थित आर एन पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 100% सफलता हासिल की। विद्यालय की छात्रा श्रद्धा सिंह ने 98% अंक प्राप्त कर टॉपर बनने का गौरव हासिल किया और अपने गांव व क्षेत्र का नाम रोशन किया। श्रद्धा का लक्ष्य डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना है।

विद्यालय के डायरेक्टर राजेश पांडेय ने श्रद्धा की इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए उनकी आगे की शिक्षा निःशुल्क कराने की घोषणा की। प्रबंधक बृजेश पांडेय ने कहा कि हमारे लिए यह गर्व का विषय है कि विद्यालय के छात्रों ने उत्कृष्ट परिणाम हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। हमारा उद्देश्य सिर्फ शिक्षा देना नहीं, बल्कि बच्चों को एक बेहतर नागरिक बनाना है। विद्यालय आगे भी मेधावी छात्रों को हर संभव सहयोग देता रहेगा, ताकि वे अपने सपनों को साकार कर सकें।

इस वर्ष कई छात्रों ने शानदार अंक प्राप्त किए, जिनमें सिद्धि शुक्ला (94%), स्तुति जायसवाल (94%), आदित्य साहू (94%), मयंक मिश्रा (93%), रुद्र उपाध्याय (93%), सुमित पटेल (93%), अंश पांडे (93%), अनुष्का पांडे (92%), सौरभ नंद (92%) और ऋषभ मिश्रा (91%) प्रमुख रहे।

विद्यालय परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में सफल छात्रों और उनके अभिभावकों का ढोल-ताशों के साथ भव्य स्वागत किया गया। फूल-मालाओं और तिलक लगाकर सभी मेधावियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक बृजेश पांडेय, डायरेक्टर राजेश पांडेय, प्रिंसिपल अंजलि पुरवार सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा। सफल छात्रों ने अपनी उपलब्धि का श्रेय विद्यालय के अनुभवी शिक्षकों को दिया। शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत करने और जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। संस्थापक आर.एन. पांडेय के आगमन पर भी जोरदार स्वागत किया गया। इसी अवसर पर आर्यन पब्लिक स्कूल के छात्र तन्मय सिंह को हिंदुस्तान ओलम्पियाड नेशनल में प्रथम रैंक प्राप्त करने पर लैपटॉप और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## मेजा के परवा गांव में आग से पांच परिवार बेघर

### जौनपुर मछली शहर सपा विधायक डॉ. रागिनी सोनकर ने 5-5 हजार रुपए की मदद भेजी

**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र के मेजा थाना अन्तर्गत परवा गांव में 14 अप्रैल को संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से पांच परिवार बेघर हो गए। इस घटना में उनके घरों में रखा राशन, कपड़े, गृहस्थी का सारा सामान और दर्जनों मवेशी जलकर राख हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर जौनपुर मछली शहर की सपा विधायक डॉ. रागिनी सोनकर ने तत्काल अपना प्रतिनिधिमंडल मौके पर भेजा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सपा जिला उपाध्यक्ष रणजीत सोनकर ने किया। शनिवार को रणजीत सोनकर मेजा थानांतर्गत परवा गांव पहुंचे और पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने झल्लू राम, रंजे कुमार, राज बहादुर, शिव चंद्र और सुग्रीव सोनकर सहित अन्य प्रभावित परिवारों को पांच-पांच हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। सपा जिला उपाध्यक्ष रणजीत सोनकर ने इस मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी है। उन्होंने पीड़ित परिवारों के लिए अतिशीघ्र आवास और उचित मुआवजा उपलब्ध कराने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में रणजीत सोनकर के साथ बबुरा प्रधान सुधीर यादव उर्फ बबलू ,भोला नाथ, दुर्गा प्रसाद गुप्ता ,सत्य प्रकाश सोनकर और रंजीत कुमार भी शामिल थे। उन्होंने पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

# होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल के बच्चों को माला पहनाकर बढ़ाया हौसला

## टॉप – 5 में आने वाले बच्चों को किया गया सम्मानित




**अखंड भारत संदेश**

**सोरांव।** सोरांव ब्लॉक अंतर्गत होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल के टॉप - 5 में आने वाले बच्चों को किया गया सम्मानित। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में 10 वीं के नतीजे घोषित होते ही बच्चों के चेहरे पर दिखी खुशी की झलक। इस मौके पर होली चाइल्ड पब्लिक के मैनेजर राम चंद्र यादव ने कहा की आज बच्चों ने शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिभा को दिखाया है काबिल ए तारीफ है। जितनी भी प्रशंसा की जाए कम बच्चों की कड़ी मेहनत और उनकी सच्ची लगन है उसी क्रम में स्कूल की प्रिंसिपल प्रियंका दलाल ने इस सफलता की ढेर सारी बधाई देते हुए कहा की आज के बच्चे ही कल का भविष्य होंगे। इस मौके पर शैलेन्द्र, संतोष वर्मा, सुनील यादव सहित सभी ने विद्यालय परिवार द्वारा ढेर सारी बधाई देते हुए ऐसे ही आगे बढ़ते रहने की मंगल कामना की। टॉप - 5 के रूप में रहे सेराज अहमद 97.6 प्रतिशत, श्लोक 93.33 प्रतिशत, विषय मौर्य 93.33 प्रतिशत, आर्या मिश्रा 92.83 प्रतिशत, नुरैन बानों 90.16 प्रतिशत हासिल कर अपने स्कूल व माता - पिता का नाम गर्व से ऊँचा कर दिया। वहीं बच्चों ने भी इस सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों को देते हुआ कहा की आज यह जो सफलता मिली है उनके हमारे शिक्षक गणों का महत्वपूर्ण योगदान है। उनके द्वारा दिए सही मार्गदर्शन व अच्छी शिक्षा ही साफलता की ओर बढ़ाया है।

## एआई कैमरों की निगरानी में हुई असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा, 39 हजार से अधिक अभ्यर्थी हुए शामिल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग (यूपीईएसएससी) की ओर से असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती के लिए 16 विषयों की लिखित परीक्षा रविवार को आयोजित की गई। यह परीक्षा आगरा, मेरठ, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर और वाराणसी के 50 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में संपन्न हुई। पहली पाली सुबह 9:30 से 11:30 बजे और दूसरी पाली दोपहर 2:30 से 4:30 बजे तक चली। आयोग मुख्यालय में स्थापित एआई इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड रूम से परीक्षा की लगातार निगरानी की गई। अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार, सचिव, परीक्षा नियंत्रक समेत अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में हर केंद्र पर नजर रखी गई।

**ओएमआर स्कैनिंग का पायलट प्रोजेक्ट भी सफल**

पारदर्शिता बढ़ाने के लिए प्रयागराज के पांच केंद्रों पर पायलट प्रोजेक्ट के तहत परीक्षा के तुरंत बाद ओएमआर शीट की स्कैनिंग की गई। यह प्रक्रिया परीक्षार्थियों और कक्ष निरीक्षकों की मौजूदगी में पूरी की गई। मेरी वानामेकर गर्ल्स इंटर कॉलेज, कर्नलगंज इंटर कॉलेज और प्रयाग महिला विद्यापीठ इंटर कॉलेज में आयोग अध्यक्ष ने स्वयं निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया। 18 और 19 अप्रैल की परीक्षा में कुल 39,192 अभ्यर्थी शामिल हुए। 18 अप्रैल को 19,718 और 19 अप्रैल को 19,474 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा सभी केंद्रों पर शांतिपूर्ण, समयबद्ध और नकलविहीन तरीके से हुई।

# प्रयागराज में बिना नंबर प्लेट की थार से खतरनाक स्टंट, चौराहे पर मचा हड़कंप, बाल-बाल बचा राहगीर

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** सिविल लाइंस इलाके में स्थित सुभाष चौराहे पर शनिवार को एक तेज रफ्तार काली थार कार से खतरनाक स्टंटबाजी का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें चालक बिना नंबर प्लेट की गाड़ी से बीच चौराहे पर लापरवाहीपूर्वक करतब करता दिखाई दे रहा है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, स्टंट के दौरान वहां मौजूद लोग दहशत में आ गए। इस बीच एक राहगीर कार की चपेट में आने से बाल-बाल बच गया और अपनी जान बचाने के लिए दौड़ पड़ा। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि चालक महज दिखावे के लिए लोगों की जान जोखिम में डाल रहा था।

स्थानीय लोगों ने इस घटना पर नाराजगी जताते हुए पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि इस तरह की लापरवाही से पहले भी कई गंभीर हादसे हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद ऐसे मामलों पर प्रभावी रोक नहीं लग पा रही है। वहीं, पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि आरोपी की पहचान कर उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी और भारी जुमार्ना भी लगाया जाएगा।

# कोहड़ार में भगवान परशुराम जयंती की रही धूम

## पुरानाडीह अतिथि गृह में आयोजित कार्यक्रम में पूजा अर्चना के बाद निकाली गई भव्य शोभायात्रा

- हाईकोर्ट के अधिवक्ता अनिल पांडेय के नेतृत्व में आयोजित शोभायात्रा में क्षेत्र राजनैतिक दलों और समाजसेवी संगठनों ने लिया बढ़ चढ़कर हिस्सा
- सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत योगी के तेज तर्राक दरोगा एवं चौकी प्रभारी अनुज राय की टीम के साथ एसीपी मेजा एसपी उपाध्याय ने खुद ही संभाली कमान



परशुराम की जयंती पर कोहड़ार में निकाली गई शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालते एसीपी मेजा

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** भगवान श्री परशुराम की जयंती के शुभ अवसर पर कोहड़ार के पुराना डीह स्थित अतिथि गृह में अधिवक्ता अनिल कुमार के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में श्री परशुराम भगवान की पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद रथ और गाजे बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई,जो कोहड़ार पुलिस चौकी होते हुए बाजार और कस्बा तक गई, जिसकी अगुवाई कर रहे विभिन्न राजनैतिक दलों के नेताओं,सामाजिक संगठनों और आम लोगों की सुरक्षा व्यवस्था की कमान खुद एसीपी मेजा एसपी उपाध्याय ने योगी पुलिस के तेज तर्राक दारोगाओ में माने जाने वाले कोहड़ार चौकी प्रभारी अनुज राय और उनके सहयोगी पुलिस के जवानों के साथ संभाल रखी थी। इस दौरान संपूर्ण कोहड़ार कस्बा और बाजार भगवान श्री परशुराम के जयकारों से गुंजायमान रहा। शोभायात्रा के इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता योगेश शुक्ल ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्रा, पूर्व ब्लाक प्रमुख मुन्नन शुक्ला, विहिप अध्यक्ष नित्यानंद उपाध्याय, कोहड़ार प्रधान प्रतिनिधि सन्तोष जैन, बंश बहादुर पाण्डेय, उदय शंकर मिश्रा, रंजय मिश्रा, राजेश द्विवेदी मंडल अध्यक्ष, केपी तिवारी, संजय केशरवानी, बिनोद मिश्रा, मुन्ना मिश्रा, सून्नू केसरवानी, गोरख नाथ मिश्रा, आशुतोष तिवारी, राधा मोहन पाण्डेय, विनोद पाण्डेय, रमाकान्त पाण्डेय, अधिवक्ता अश्वनी जैन, बिन्नू सिंह, गिरिजेश शुक्ला, अनिल पांडेय, अवनीश मिश्रा, गोरे तिवारी, शशीकान्त तिवारी, चन्दा पटेल, शिवदत्त पटेल, हरी द्विवेदी, विमलेश पाण्डेय, अनिल पांडेय तथा अवनीश मिश्रा आदि के अलावा कई अन्य नेता और सामाजिक संगठन के लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# विश्व धरोहर दिवस पर प्रयागराज में विरासत संरक्षण का संदेश, छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** विश्व धरोहर दिवस-2026 के अवसर पर क्षेत्रीय पुरातत्त्व इकाई, प्रयागराज (उप्र राज्य पुरातत्त्व विभाग) की ओर से शनिवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, कटरा में विविध शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

इस अवसर पर राज्य संरक्षित स्मारकों और पुरातात्त्विक स्थलों पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में लहुरादेवा, मलहर, जाजमऊ, चुनार दुर्ग, देवगढ़, बटेश्वर मंदिर समूह, कौशांबी के उत्खनित अवशेष सहित प्रदेश के अनेक ऐतिहासिक स्थलों के चित्र प्रदर्शित किए गए। साथ ही क्षेत्रीय अभिलेखागार द्वारा स्वाधीनता संग्राम से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज भी प्रदर्शनी का हिस्सा रहे। कार्यक्रम के दौरान ह्यहमारी धरोहरह्ण विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें लगभग 125 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता को कनिष्ठ एवं वरिष्ठ दो वर्गों में आयोजित किया गया। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए, जबकि विजेता छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आयोजित व्याख्यान में पूर्व बंदोबस्त अधिकारी दयानंद चौहान ने विश्व धरोहर दिवस के महत्व, इतिहास एवं इसके उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह ने कहा कि ऐतिहासिक धरोहरों का संरक्षण न केवल हमारी सांस्कृतिक पहचान है, बल्कि पर्यटन और आर्थिक विकास की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

विद्यालय की प्रधानाचार्या शशि बाला चौधरी ने ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बताया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई।क्षेत्रीय पुरातत्त्व अधिकारी डॉ. सुभाष चंद्र यादव ने अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्रम, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिह्न देकर किया। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन राकेश वर्मा ने किया, जबकि संचालन वंदना मिश्रा ने किया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्राएं, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। पूरे आयोजन को लेकर प्रतिभागियों में विशेष उत्साह देखने को मिला और कार्यक्रम को सफल व ज्ञानवर्धक बताया गया।

# परशुराम जयंती पर पट्टी में निकली विशाल शोभायात्रा, उमड़ा जनसैलाब

## डीजे, घोड़े, रथ और जयघोष से गूंजा पूरा क्षेत्र

**अखंड भारत संदेश**



**पट्टी/बेलखनाथधाम।** भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर सनातन धर्म रक्षा परिषद राम सेवा के तत्वाधान में पट्टी क्षेत्र में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। शोभायात्रा के दौरान क्षेत्र में भक्ति, उत्साह और जयघोष का अद्भुत दृश्य देखने को मिला।

राम सेवा के प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण मिश्रा एवं ब्राह्मण सभा के जिला अध्यक्ष बिंदेश्वरी प्रसाद पाठक उर्फ बिंदु पाठक के आयोजन में यह विशाल शोभायात्रा उड़ैयाडीह से विधि-विधान एवं पूजा-अर्चना के साथ प्रारंभ हुई। श्रद्धालु गमछा लहराते, जयघोष लगाते और डीजे की धुन पर नाचते-गाते आगे बढ़ते रहे।शोभायात्रा उड़ैयाडीह से निकलकर बाईपास, गड़ौरी, मैनाहा, उड़ैयाडीह मोड़ होते हुए पट्टी कस्बे में प्रवेश की, जहां जगह-जगह लोगों ने स्वागत किया। यात्रा में घोड़े, रथ एवं वाहनों की लंबी कतारें आकर्षण का केंद्र रहीं।सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोतवाली पट्टी प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह रघुवंशी, कोतवाल आनंदपाल सिंह भदौरिया सहित पूरी पुलिस टीम मुस्तैद रही और शांतिपूर्ण ढंग से यात्रा संपन्न कराई गई।कार्यक्रम में महंत राम पूजन, शिवेशा आनंद महाराज, प्रदीप पांडे, शिवांग पांडे, छोटे दुबे, विनोद दुबे, पूर्व प्रमुख शिवगढ़ बबलू पांडे, आशीष तिवारी, हरकेश पांडे, अभिनव पांडे, राजेश पांडे, छोटे सिंह, रंजन तिवारी, शिवम पंडित, उमेश पांडे, मनीष तिवारी, पुष्प लोचन धाम अध्यक्ष शिवम मिश्रा, प्रमोद मिश्रा, देवेंद्र शुक्ला, नंदन चतुर्वेदी एडवोकेट, शुभम तिवारी सहित हजारों लोग शामिल रहे।इस आयोजन में धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक एकता और सांस्कृतिक गौरव का भी सशक्त संदेश दिया।

# महिला आरक्षण विधेयक पर पीएम मोदी कर रहे राजनैतिक ड्रामा : प्रमोद तिवारी

**लालगंज।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी एवं प्रदेश कांग्रेस विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने महिला आरक्षण विधेयक को लेकर रविवार को प्रधानमंत्री को आड़े हाथों लिया है। सांसद प्रमोद तिवारी एवं विधायक मोना ने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक को लेकर संविधान संशोधन का प्रधानमंत्री मोदी का प्रयास देश की जनता के साथ छल व धोखा तथा राजनीतिक ड्रामा है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि पीएम को अगर महिलाओं को न्याय दिलाने की इतनी चिन्ता है तब वह देश को बतायें कि भाजपा किसी महिला को प्रधानमंत्री क्यों नहीं बना पा रही है। उन्होंने कहा कि स्पीकर और पार्टी अध्यक्ष के साथ राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ में प्रधानमंत्री को चुनौती है कि वह इसका प्रमुख किसी सक्षम महिला को बनायें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने महिला आरक्षण विधेयक के नाम पर सबसे बड़ा झूठ बोलकर देश की जनता को गुमराह किया है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि इस विधेयक को लेकर भाजपा की नीति और नीयती कभी सही नहीं रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि महिला आरक्षण विधेयक की आड़ में परिसीमन पर संशोधन को लेकर आखिर संसद सत्र के पूर्व सरकार ने सर्वदलीय बैठक क्यों नहीं बुलायी। सांसद प्रमोद तिवारी ने चुनौती पूर्ण अंदाज में कहा कि जिस महिला आरक्षण विधेयक में प्रधानमंत्री पचास प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षण की बात कर रहे हैं आखिर विधेयक में इस पर एक भी लाइन क्यों नहीं है? सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि 2023 में महिला आरक्षण विधेयक पर कांग्रेस समेत सम्पूर्ण विपक्ष ने समर्थन देकर पारित करा दिया। उन्होंने पीएम से पूछा कि पास हुए विधेयक को तीन साल तक आखिर वह अमल में क्यों नहीं ला सके। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि संविधान को समझने वाला हर देशवासी आज विपक्ष का आभारी है कि उसने संविधान संशोधन के जरिये सत्ता में बने रहने के लिए भाजपा के षड्यंत्र को विफल कर दिया है। उन्होंने कहा कि संघीय ढांचे में केन्द्र एवं राज्य के रिश्ते निर्धारित हैं। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि परिसीमन संशोधन के जरिये मोदी सरकार संघीय ढांचे पर चोट पहुंचाना चाहती थी। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि कड़वी सच्चाई यह है कि तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में चुनाव को देखकर मोदी सरकार ने महिला आरक्षण विधेयक के नाम पर सिर्फ राजनैतिक स्टंट खड़ा करने का प्रयास किया है। वहीं प्रदेश कांग्रेस विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि विपक्ष ने एक जुट होकर संविधान की रक्षा की है। सीएलपी नेता मोना ने कहा कि पीएम मोदी को उत्तर प्रदेश की महिलाओं से फौरन क्षमा मांगना चाहिए। उन्होंने कहा कि उन्नाव पीड़िता को भाजपा द्वारा संरक्षण देने और हथरस की बेटी को इंसाफ दिलाने में विफलता को लेकर पीएम मोदी को क्षमा याचना करनी चाहिए। विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि पीएम मोदी की नियत में खोट न होती तो वह 2023 में पारित महिला आरक्षण विधेयक को लागू कर चुके होते। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने यदि ऐसा किया होता तब आज संसद और देश की कई विधानसभाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व सशक्त होता।

## न्यूज झरोखा

### परशुराम जयंती पर पट्टी में फरसा स्थापना की मांग तेज



**पट्टी।** भगवान परशुराम जयंती के पावन अवसर पर भारतीय युवा विद्यार्थी संगठन विद्यार्थी परिषद द्वारा पट्टी क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मांग उठाई गई। संगठन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा सक्षम सिंह ह्ययोगीह्न ने पट्टी के उड़ैयाडीह मोड़ (तिराहे) को ह्मभगवान परशुराम तिराहाह्न घोषित किए जाने तथा वहां भगवान परशुराम जी के प्रतीक स्वरूप एक विशालकाय फरसा स्थापित करने की मांग प्रशासन के समक्ष रखी। बताया गया कि यह मांग भगवान परशुराम शोभा यात्रा निकाले जाने से पूर्व ही प्रशासन को अवगत करा दी गई थी, लेकिन किन्हीं कारणोंवश इसके लिए अनुमति नहीं दी गई। इस पर राजा सक्षम सिंह ह्ययोगीह्न ने प्रशासन से सवाल करते हुए कहा कि फरसा स्थापना को रोके जाने के पीछे स्पष्ट कारण बताए जाएं।उन्होंने कहा, ह्मविधि और कानून का पालन करने वाले लोग हैं, इसलिए प्रशासन का सम्मान करते हुए आज स्थापना नहीं की गई है। लेकिन निकट भविष्य में जनसमर्थन और पूर्ण शक्ति के साथ फरसा स्थापना अवश्य करेंगेह्नइसकी आज हम उद्घोषणा करते हैं।ह्नउन्होंने प्रशासन से यह भी मांग की कि इस निर्णय के पीछे के कारणों को लिखित रूप में जल्द से जल्द सार्वजनिक किया जाए।राजा सक्षम सिंह ह्ययोगीह्न ने कहा कि भगवान परशुराम किसी एक वर्ग के नहीं, बल्कि सम्पूर्ण सनातन समाज एवं विश्व के हैं। वे भगवान विष्णु के छठे अवतार हैं, जिनकी शिक्षाएं और आदर्श समस्त मानवता के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।कार्यक्रम के दौरान ब्राह्मण-क्षत्रिय एकता का भी सशक्त संदेश दिया गया, जो सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकजुटता की दिशा में एक सकारात्मक पहल के रूप में सामने आया। संगठन ने प्रशासन से जल्द आधिकारिक घोषणा की मांग की है, ताकि जनभावनाओं का सम्मान हो सके और क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को और सुदृढ़ किया जा सके।

### सीओ की फटकार पर दो आरोपियों के खिलाफ एससीएसटी का मुकदमा

**लालगंज।** सीओ की फटकार पर लालगंज पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ एससीएसटी एक्ट का केस दर्ज किया है। लीलापुर थाने के तिना दुबान निवासी राजेन्द्र प्रसाद कोरी पुत्र ननकूराम कोरी ने दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती अट्ठारह अप्रैल को वह दिन में अपनी लड़की के साथ लालगंज बाजार आया था। चैक पर कस्बा लालगंज निवासी नन्चू यादव पुत्र रामदुलार व एक अज्ञात ने उसे गाली देना शुरू किया। मना करने पर आरोपियों द्वारा पीड़ित को लाठी डंडे से मारपीटकर चुटहिल कर दिया गया। चैक पर लोगों को जुटता देख आरोपी जाति सूचक गालियां देते चले गये। तहरीर पर लालगंज पुलिस ने कार्यवाही नहीं की तब पीड़ित ने सीओ से फरियाद की। सीओ आशुतोष मिश्रा की फटकार पर पुलिस आरोपी नन्चू समेत दो आरोपियों के खिलाफ दलित उत्पीड़न तथा गाली गलौज व मारपीट एवं धमकी का केस दर्ज किया है।

### सशक्तीकरण दिवस के रूप में आज मनेगा मोना का जन्मदिन

**लालगंज।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना का जन्मदिन आज सोमवार को सशक्तीकरण दिवस के रूप में मनाया जायेगा। बाबा घुइसरनाथ धाम में प्रातः नौ बजे पूजन अर्चन के साथ विधायक के जन्म दिन पर संगोष्ठी व सशक्तीकरण सम्मान होगा। यह जानकारी कार्यक्रम के संयोजक अधिवक्ता शैलेन्द्र मिश्र ने दी है।

### भाभी को ननद और देवर ने पीटकर किया घायल, पुलिस जांच में जुटी

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के विकासखंड आसपुर देवसरा अंतर्गत रमईपुर नेवादा गांव में पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। गांव की निवासी अकबरुल निशा पत्नी जाहिर अली को रविवार की दोपहर उनकी ननद और देवर ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता अकबरुल निशा का आरोप है कि घरेलू कहासुनी के बाद ननद और देवर ने मिलकर उनके साथ मारपीट की, जिससे वह घायल हो गईं। घटना के बाद पीड़िता ने पट्टी कोतवाली पहुंचकर पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मामले को लेकर उप निरीक्षक विजय कुमार ने बताया कि पीड़िता की ओर से प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है। पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है, जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर शोभायात्रा, सम्मान कार्यक्रम व भण्डारे की रही धूम

**अखंड भारत संदेश**



**लालगंज।** भगवान परशुराम के जन्मदिन पर रविवार को विविध आयोजनों की धूम रही। ब्राम्हण उत्थान समिति रामपुर खास के द्वारा भव्य शोभायात्रा नेशनल हाईवे के रायबरेली प्रतापगढ़ रोड पर अगई मोड से निकाली गयी। भगवान परशुराम के जयघोष के साथ निकली शोभा यात्रा रानीगंज कैथौला बाजार, रायपुर तियाई, मेढ़ावां, नया का पुरवा, वर्मा नगर होते हुए लालगंज चैक पहुंची। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में दोपहिया वाहनों तथा चार पहिया वाहनों पर भगवान के अनुयायियों को भगवान परशुराम के जयघोष में मगन देखा गया। डीजे के धुन पर भक्ति संगीत की मनमोहक प्रस्तुतियों में अनुयायियों को उत्साह में देखा गया। समिति के संयोजक पूर्व प्रधान रामचन्द्र तिवारी तथा धर्मेन्द्र तिवारी पप्पू के संयोजन में शोभायात्रा निकाली गयी। कथा वाचक आचार्य योगेश जी महाराज व आचार्य धीरेन्द्र कृष्ण पाल तिवारी एवं आचार्य धीरेन्द्र के वैदिक मंत्रोंच्चारण के मध्य भगवान परशुराम का पूजन अर्चन हुआ। मेढ़ावां के तिवारी नगर में सहसंयोजक रवीन्द्र तिवारी के संयोजन में हुए पूजन उत्सव में भगवान की विधिविधान से भक्तों ने पूजा की। सांसद प्रमोद तिवारी एवं विधायक आराधना मिश्रा मोना ने भी वर्चुवल संबोधन के जरिये लोकमंगल की कामना की। शोभायात्रा में ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, भुवनेश्वर शुक्ल, वीरू पाण्डेय, बलराम शुक्ला, अतुल शुक्ला, सुनील तिवारी, विजयशंकर मिश्र, सुनील पाण्डेय, अनिल तिवारी महेश, सिंटू मिश्रा, कुंवर ज्ञानेन्द्र सिंह, शैलेन्द्र मिश्र, राकेश चतुवेर्दी आदि रहे। कार्यक्रम का संचालन साहित्यकार हर्ष बहादुर सिंह हर्ष ने किया। इसी तरह बाबा घुइसरनाथ धाम के समीप भगतपुर तिराहे पर ब्राम्हण महासभा भारत के द्वारा राष्ट्रीय महासचिव एवं संगठन प्रभारी शिवशंकर तिवारी सोहगौरा तथा जिलाध्यक्ष शशिधर त्रिपाठी के संयोजन में भगवान परशुराम की प्रतिमा व फरसा पूजन हुआ। इसके पहले भक्तों ने किठावर बाजार से सिंघनी, पहाड़पुर होते हुए बाबा घुइसरनाथ धाम तक भव्य शोभायात्रा निकाली। यहां आयोजन समिति द्वारा जिला पंचायत सदस्य दिलीप पाण्डेय, रूरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, व्यापार मण्डल अध्यक्ष अखिलेश मिश्र, समाजसेवी आनन्द त्रिपाठी, कमलेश मिश्र, उमानन्द दुबे, राजेन्द्र पाण्डेय, मनोज तिवारी, इन्द्रदेव मिश्र, डॉ. सर्वेश तिवारी, राजेश पाण्डेय, दुर्गेश पाण्डेय, उमेश द्विवेदी, जेबी सिंह, सुनील मिश्रा, ओमानंद द्विवेदी, अजय मिश्रा आदि को ब्राम्हण गौरव सम्मान प्रदान किया गया। यहां आयोजन समिति द्वारा भगवान के जन्मदिन पर भण्डारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इधर लालगंज के अवधेश विद्या निकेतन इण्टर कालेज में अखिल भारतीय ब्राम्हण परिवार द्वारा भगवान परशुराम के जन्मदिन पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। संस्था के राष्ट्रीय संयोजक रमाकान्त मिश्र मधुबनी, प्रदेश अध्यक्ष प्रभाकर उपाध्याय व जिलाध्यक्ष अभय शुक्ला एवं संयोजक ललित त्रिपाठी व आलोक मिश्रा ने प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. अंजनी अमोघ, प्रधानाचार्य सुरेश सिंह, अरूण तिवारी, सर्वेश तिवारी, राजेश तिवारी, डॉ. रामसमुझ मिश्र अकेला समेत बड़ी संख्या में शिक्षकों को सम्मान पत्र व शाल भेंट कर सम्मान से नवाजा गया। कार्यक्रम का संचालन साहित्यकार पवन प्रखर ने किया। भटनी में भी परशुराम जयन्ती पर स्वामी करपात्री सेवा संस्थान के द्वारा समारोह का आयोजन हुआ। वहीं जन्मदिन को लेकर संस्थान राष्ट्रीय कार्यालय का मिश्रा मार्केट में उद्घाटन भी हुआ। कार्यक्रम में संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र तिवारी, अनुराग तिवारी, दीपेन्द्र ओझा, देवेन्द्रनारायण मिश्र, अरूण मिश्र, अजय कृष्ण तिवारी, रामबाबू मिश्रा, पवन मिश्र, दिलीप माली, डॉ. वेदानंद मिश्र, अर्पित तिवारी आदि ने भगवान परशुराम की महिमा का गुणगान किया।

# दुष्टो का संघार करने के लिए अवतरित हुए भगवान परशुराम

## जामताली बाजार में धूमधाम से मनाई गई परशुराम की जयंती




**बेलखरनाथ धाम।** रानीगंज तहसील क्षेत्र के जामताली बाजार में रविवार को भगवान परशुराम जयंती धूमधाम हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। इस अवसर पर भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया गया।इस अवसर पर राष्ट्रीय परशुराम सेना के जिला संगठन मंत्री चंद्रकांत मिश्र ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान परशुराम भगवान शंकर के शिष्य थे। और उन्होंने अत्याचारियों का मर्दन करने के लिए अवतार लिया और अत्याचारियो का संघार किये। कार्यक्रम को जिला उपाध्यक्ष और जिला संगठन मंत्री ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रेम प्रकाश पांडेय, चंद्रकांत मिश्र, राष्ट्रीय परशुराम सेना के जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश पांडेय, जिला महामंत्री अमित कुमार शुक्ल, जिला सचिव दीपक राम त्रिपाठी, अनुराग शुक्ल, प्रेम कुमार ओझा, दिनेश, राकेश, सुरेश, महेश पदाधिकारी कार्यकर्ता सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# करंट की चपेट में मौत को लेकर जेई व लाइनमैन के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस

**प्रतापगढ़।** ग्यारह हजार क्षमता की लाइन से करंट की चपेट में आने से युवक की मौत को लेकर उदयपुर पुलिस ने अवर अभियंता तथा लाइनमैन समेत तीन के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। अवर अभियंता पर केस दर्ज होने को लेकर रविवार को विभाग में हड़कंप का माहौल भी दिखा। उदयपुर थाना के अमावां निवासी देवेन्द्र प्रताप सिंह की पत्नी सीमा सिंह ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीते चैदह अप्रैल को उसका पुत्र शिवम सिंह उर्फ आदित्य टैज्क्टर ट्राली लेकर उदयपुर के पूरे चैहान वीरगढ़ गया था। टैज्क्टर चालक ने खेत में टैज्क्टर खड़ा किया। इस बीच मृतक शिवम ट्राली से नीचे उतरने के लिए खड़ा हुआ तब वह ऊपर से गुजर रहे ग्यारह हजार क्षमता की लाइन के करंट की चपेट में आ गया। परिजन शिवम को पड़ोसी जिले अमेठी के गौरीगंज जिला अस्पताल ले गये। वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना में लापरवाही को लेकर तहरीर के आधार पर पुलिस ने अवर अभियंता राजापुर आनंद कुमार व लाइन मैन भोलू मिश्रा एवं लाइन मैन शिवमूरत कोरी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। थाना प्रभारी टेज्नी आईपीएस आफताभ आलम ने कहा है कि केस दर्ज किया गया है, जांचकर कार्यवाही की जायेगी।

# रंज सहते रहे मुस्कुराते रहे, साथ हम जिंदगी का निभाते रहे ...

**प्रतापगढ़।** सगरासुन्दरपुर के समीप हण्डौर में शनिवार की रात सावित्री शैक्षणिक एवं समाज कल्याण समिति के द्वारा 24वा राष्ट्रीय कविसम्मेलन एवं मुशायरे में नामचीन कवियों ने राष्ट्रीय एवं सामाजिक विसंगतियों पर जमकर प्रहार किया। साहित्यिक आयोजन की शुरूआत शासकीय अधिवक्ता आलोक त्रिपाठी व डॉ शक्ति कुमार पांडेय के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के द्वारा हुआ। कवि सम्मेलन का आगाज सुरेश नवीन की वाणी वंदना से हुयी। सुल्तानपुर की सपना मिश्रा ने- बांधूंगी नहीं आज तुमको प्रिया, वन को जाओ छोड़ महल अपनी प्रिया से लोगों को आध्यात्म से जोड़ा। हास्य कवि निर्झर प्रतापगढ़ी ने अपनी रचना- जय गुंडा काका, तोहरे भय से कांपे गांव गली नाका... से वर्तमान परिस्थितियों पर करारा व्यंग्य किया। शायर कृष्ण कांत कामिल ने- रंज सहते रहे मुस्कुराते रहे, साथ हम जिंदगी का निभाते रहे साथ मंच को ऊंचाई दी। सीतापुर के रोहित विश्वकर्मा ने अपनी रचना- कहीं गुस्सा आई लव यू उनसे बोलने वाले, वही लड़की भी उनकी बाद में चप्पल भी खाते हैं सुनाकर लोगों को गुदगुदाया। लखीमपुर खीरी रंजना सिंह हया ने- इक नजर तुझको देखने आई हूं मैं, देख लूं इक नजर फिर चली जाऊंगी से युवाओं को झकझोरा। मुख्य अतिथि भाजपा नेता एवं ब्लॉक प्रमुख पति डॉ राकेश सिंह ने कहा कि साहित्यकार समाज का दर्पण होता है। उन्होंने कहा कि रचनाकार देश और समाज को नई दिशा देने का कार्य करता है। कवि सम्मेलन में गड़बड़ सुल्तानपुरी, हुमा अक्सीर,डॉ अंजनी अमोघ, फैयाज परवाना, विशाल श्रीवास्तव, सुरेश नवीन, बिहारी लाल अम्बर, चंद्र शेखर विकास, आशुतोष दीपक की भी रचनाएं श्रोताओं को भायी। अध्यक्षता हरिवंश शुक्ल शौर्य, संचालन हास्य कवि बिहारी लाल अम्बर ने किया। स्वागत अविनाश पाण्डेय संजय शुक्ल तथा आभार संयोजक आयोजक कवि अनूप त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर कृष्ण प्रताप सिंह मथुरा प्रसाद यादव, श्याम जी जायसवाल, अभय प्रताप सिंह मुन्ना, मनोज सिंह, आलोक कुशवाहा राजेश मिश्र, अरविंद पाण्डेय, ज्ञान प्रकाश शुक्ल, अनिल तिवारी महेश, विकास मिश्र, श्याम शंकर पांडे, आमोद तिवारी, बच्चू दुबे, विदेहानंद जी महाराज रहे।




## अमरगढ़ बाजार से निकली परशुराम जयंती की भव्य शोभायात्रा



**पट्टी।** आसपुर देवसरा क्षेत्र के अमरगढ़ बाजार में रविवार को भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा गौरव माफी स्थित दुर्गा मंदिर से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए ढकवा काली मंदिर पहुंची, जहां विधिवत समापन किया गया। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिला। पूरे मार्ग में भगवान परशुराम के जयघोष, भक्ति गीतों और धार्मिक नारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालु हाथों में ध्वज और धार्मिक प्रतीक लिए शोभायात्रा में शामिल हुए।कार्यक्रम के सफल आयोजन में कैलाश नाथ तिवारी, विवेक पांडे, विकास सिंह, विनय सिंह, बृजेश सिंह, अंबुज तिवारी, अर्पित मिश्रा, वतन तिवारी, आशीष उपाध्याय, विपिन पांडे, रविकांत पांडे सहित कई लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# स्वास्थ्य सेवा से राष्ट्र सेवा के ध्येय को एनएमओ कर रहा साकार : रामानंद कटियार

## एनएमओ के स्वास्थ्य शिविर में 322 लोगों को निःशुल्क परामर्श के साथ दी गई दवाइयां

**अखंड भारत संदेश**



**प्रतापगढ़।** शिक्षा कोई किताबी ज्ञान नहीं बल्कि शारीरिक,मानसिक, बौद्धिक,भावनात्मक और नैतिक विकास का आधार है। हम शिक्षित होंगे तभी सर्वांगीण विकास होगा। उक्त बातें रविवार को पट्टी के मंगरौरा क्षेत्र के सराय जमुआरी गांव में बाबा साहब की जयंती पखवाड़ा के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय चिकित्सक संगठन काशी प्रांत के तत्वावधान में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में बतौर मुख्य अतिथि उपास्थित समूह को सम्बोधित करते हुए भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी उत्तर प्रदेश के महासचिव अपर शासकीय अधिवक्ता प्रथम उच्च न्यायालय लखनऊ रामानंद कटियार ने कहा। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने भारतीय संविधान के माध्यम से सभी नागरिकों को समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार प्रदान किया। जाति-भाषा, अमीरी-गरीबी का भेदभाव नहीं होना चाहिये। उन्होंने कई समाजिक सुधार किये। इस दौरान श्री कटियार ने शबरी,जटायु और राम के अटूट प्रेम विश्वास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सर्वे भवन्तु सुखिनःष् यह प्रार्थना न केवल व्यक्तिगत खुशी, बल्कि पूरे समाज और विश्व के कल्याण की कामना करती है कि ष्सभी सुखी हों,सभी रोगमुक्त (स्वस्थ) रहें,सभी का कल्याण हो और कोई भी दुखी न होष्। श्वसुधैव कुटुंबकम्श्‌ सार्वभौमिक स्वास्थ्य व करुणा का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि एनएमओ स्वास्थ्य सेवा से राष्ट्र सेवा के ध्येय को साकार कर रहा है। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद उप प्राचार्य डॉक्टर सोनेलाल पटेल स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय डॉ0 रश्मि यादव ने एनएमओ के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से ग्रामीणांचलों में निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना पुनीत कार्य है, क्योंकि नर सेवा नारायण सेवा मानव का धर्म है। उन्होंने बाबा साहब नमन करते हुए कहा कि बाबा साहब संविधान निमार्ता ही नहीं,बल्कि समानता, न्याय और मानवाधिकारों के महान अग्रदूत थे। इस मौके पर रेडक्रास सोसायटी लखनऊ के सदस्य ने भी अपने विचार व्यक्त किये। स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी उत्तर प्रदेश के महासचिव रामानंद कटियार व उप प्राचार्य डॉ0 रश्मि यादव सहित अन्य अतिथियों द्वारा मां काली मंदिर के समक्ष पूजन-अर्चन व पुष्प अर्पित करने के साथ फीता काट कर किया। तदुपरांत कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राष्ट्रीय चिकित्सक संगठन काशी प्रांत के प्रांतीय संयुक्त सचिव डॉ0 जेपी वर्मा ने सभी अतिथियों को अंगवस्त्र व पुष्प गुच्छ एवं मां सरस्वती का चित्र भेंट कर स्वागत सम्मान किया।इस मौके पर उन्होंने कहा कि एनएमओ स्वास्थ्य सेवा और राष्ट्र सेवा के उद्देश्य से कार्य करता है। यह संगठन स्वास्थ्य सेवा के माध्यम से अंतिम व्यक्ति तक पहुँचने का लक्ष्य रखता है,विशेष रूप से उन क्षेत्रों में जहाँ सरकारी स्वास्थ्य सेवाएं सीमित हैं। स्वास्थ्य सेवा,राष्ट्र सेवा के उद्देश्य जिले में 12 अप्रैल 2026 से शुरू किया गया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में अभी तक लगभग 32 सौ लोगों तक सेवाएं पहुचा चुका है। यह कार्य आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता महेश कुमार गुप्ता ने किया। यहां आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में स्वास्थ्य विभाग की मेडिकल मोबाइल यूनिट टीम व मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक के साथ अन्य चिकित्सकों ने लगभग 322 लोगों की ब्लड, शुगर,बीपी के जांच कर परामर्श के साथ निशुल्क दवाइयां वितरित किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से एनएमओ मेडिकल कॉलेज इकाई के सचिव देवांश त्रिपाठी,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर सह कार्यवाह सुमित द्विवेदी, अपना दल एस विधि मंच के प्रांतीय महासचिव परमानंद मिश्र, नामित सभासद राहुल मौर्य, उपेन्द्र पटेल,अभिषेक दूबे,डॉ0 सुधाकर सिंह,डॉ0 अजय सिंह, नेत्र परीक्षण अधिकारी सीएम शुक्ला, हवन गुप्ता,रितेश,अशोक, हरिश्चंद्र, राम प्रकाश, पिंटू सहित अन्य सहयोगियों के साथ क्षेत्रीय गणमान्य मौजूद रहे।

# सराय अकिल में दिनदहाड़े खूनी संघर्ष आधा दर्जन घायल

## थाना से 500 मीटर की दूरी पर दिनदहाड़े भरे कस्बे के बीच घंटा भर विवाद होता रहा

अखंड भारत संदेश



**कौशांबी।** सराय अकिल थाना पुलिस की निरंकुश्ता के चलते सराय अकिल कस्बे में रविवार को दिनदहाड़े दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हुआ है दोनों पक्ष के दो दर्जन लोग लाठी डंडा लेकर मौके पर एकत्रित हो गए और एक दूसरे को मारने पीटने लगे ईट पत्थर फेंकने लगे एक दूसरे को दौड़ा-दौड़ा कर मारा पीटा गया है थाना से 500 मीटर की दूरी पर दिनदहाड़े भरे कस्बे के बीच घंटा भर विवाद होता रहा है लेकिन खूनी संघर्ष में घंटे भर बाद मौके पर थाना पुलिस पहुंची है इस हमले में दोनों पक्षों के आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं एक व्यक्ति की हालत गंभीर है जिसे इलाज के लिए अस्पतालों में भती कराया गया है अन्य घायलों को हल्की चोट हैं सूत्र बताते हैं कि पुलिस ने मामले में दोनों पक्षों की ओर से पांच नामजद और 20 अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है लेकिन थाना पुलिस ने इस मामले को यदि पूर्व में संज्ञान लिया होता तो खूनी संघर्ष का रूप में तैयार होता है जिससे थाना पुलिस की बड़ी लापरवाही उजागर हो रही है।

जानकारी के मुताबिक सराय अकिल कस्बे में थाना से 500 मीटर की दूरी पर भगवती गंज कस्बे में जमीन के विवाद को लेकर करीमुल्लाह और भानु प्रताप सिंह के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है बार-बार मामले के न्याय पूर्ण निस्तारण के लिए थाना पुलिस से लेकर तहसील तक शिकायतें की जा रही है लेकिन जमीन विवाद में थाना पुलिस गंभीर नहीं दिखाई पड़ रही है और बार-बार शिकायती पत्र देने के बाद थाना पुलिस ने जमीन के विवाद का न्याय पूर्ण तरीके से निस्तारण नहीं किया है जिससे दोनों पक्षों के बीच तनाव बढ़ता गया इसी जमीनी विवाद को लेकर रविवार की दोपहर को करीमुल्ला पक्ष से उसके भाई रहीसुल्लाह समेत दजर्नों लोग लाठी डंडे लेकर एकत्रित हो गए दूसरे पक्ष से भी भानु प्रताप सिंह बबलू यादव अनिल तिवारी सहित दजर्नों लोग लाठी डंडा लेकर एकत्रित हो गए इतना ही नहीं महिलाएं भी झगड़े पर उतर आई और ईट पत्थर फेंक कर मारने लगी एक दूसरे को दौड़ा-दौड़ा कर मारा पीटा गया जमकर ईट पत्थर फेके गए जिससे कई लोगों को चोटें लगी है इस हमले में करीमुल्ला को गम्भीर चोट आई हैं रहीसुल्लाह भानु प्रताप सिंह बबलू यादव अनिल तिवारी सहित कई लोग घायल हैं हमले का वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है खूनी संघर्ष में दोनों तरफ से घायल हुए करीमुल्ला को इलाज के लिए अस्पताल में भती कराया गया है थाने से 500 मीटर की दूरी पर एक घंटे विवाद होता रहा लेकिन 500 मीटर की दूरी पहुंचने में थाना पुलिस को 1 घंटे से अधिक लग गया है जिससे थाना पुलिस की भूमिका पर भी सवाल खड़ा है और निरंकुश थानेदार के चलते इलाके में आम जनता भयभीत दिखाई पड़ रही है।

# चरवा में जिलाध्यक्ष कांग्रेस गौरव पाण्डेय के आवास पर मनाई गई परशुराम जयंती



**कौशांबी।** नगर पंचायत चरवा स्थित जिलाध्यक्ष कांग्रेस गौरव पाण्डेय के आवास पर रविवार को उनके नेतृत्व में भव्य संगोष्ठी के साथ परशुराम जयंती धूमधाम से मनाई गई इस अवसर पर उपस्थित लोगों को परशुराम जी के बारे में बताया गया इसके बाद केक काटकर प्रसाद वितरण किया गया इस दौरान जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने कहा कि भगवान परशुराम,विष्णु के छठे अवतार हैं,जिनका जन्म महर्षि जमदग्नि और माता रेणुका के घर अत्याचारी क्षत्रियों का नाश कर धर्म की स्थापना के लिए हुआ था शिवजी से प्राप्त दिव्य परशु' फरसा धारण करने के कारण वे परशुराम कहलाए। उन्होंने 21बार अधमी राजाओं का संहार किया और वे चिरंजीवी अमर माने जाते हैं,जो आज भी पृथ्वी पर हैं। ऐसे में आज उनकी जयंती के अवसर पर एक भव्य संगोष्ठी के साथ प्रसाद वितरण का कार्यक्रम रखा गया था.कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आर्चाय भूपेंद्र नारायण शुक्ला, पूर्व प्रदेश सचिव रामबहादुर त्रिपाठी, दीपक पाण्डेय बाबू जी, आशीष मिश्रा पप्पू, कौशलेश द्विवेदी, सोमप्रकाश मिश्रा, अलकमा उस्मानी, उदय यादव, रामसूरत रैदास, सुरेन्द्र शुक्ला, श्याम सिंह भदौरिया, रावेंद्र यादव, अशोक पाण्डेय, महेंद्र मिश्रा, अमित पाण्डेय, रविन्द्र पाण्डेय, अंकित पाण्डेय, प्रभात पाण्डेय, कुलदीप पाण्डेय, रविन्द्र द्विवेदी, बृजेंद्र पाण्डेय, रमेश यादव, आयूष यादव, अभिषेक राय, बिफई लाल, इंद्रपाल रैदास, निक्की पाण्डेय, रविनाथ मिश्रा, नितिन पाण्डेय, आनन्द देव पाण्डेय, विनोद पाण्डेय, अशोक तिवारी, कल्लू पाण्डेय, रोहित पाण्डेय, शुभेन्द्र यादव, छविनाथ पाण्डेय, ऋतुराज उपाध्याय, गंगा प्रसाद पाठक, विक्की तिवारी, रवि पाण्डेय, विक्रम तिवारी, जुगेश त्रिपाठी, शिवदत्त मिश्रा, मनोज शुक्ला,दीपू पाण्डेय,राम मिश्रा,सुशील मिश्रा,महेंद्र मिश्रा,कैलाश केसरवानी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश



**कौशांबी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के यमुना नदी के किनारे ऐंगवा उपहार में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई भगवान परशुराम के जन्मोत्सव एवं भव्य शोभायात्रा के अवसर पर जनप्रतिनिधि और संभ्रांत व्यक्ति शामिल हुए अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर दिन रविवार 19 अप्रैल को ऐंगवा उपहार मे अजय मिश्रा पूर्व प्रधान के आवास पर भगवान परशुराम का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया ब्राह्मण समाज द्वारा वैदिक मंत्रो के साथ पूजन और हवन किया और प्रसाद बांटा गया इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे जिनमें गजेंद्र द्विवेदी भारत मिश्र अंशु तिवारी प्रिंस मिश्रा सत्यम द्विवेदी विपिन मिश्रा अंकित द्विवेदी हिमांशु द्विवेदी चंदन केसरवानी सुरेंद्र द्विवेदी अमित मिश्रा जितेंद्र केसरवानी सहित तमाम लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन पूर्व प्रधान अजय मिश्रा ने किया कार्यक्रम स्थल में उपस्थित गणमान्य लोगों के संबोधन के बाद एक शोभायात्रा निकाली गई इस शोभायात्रा में भगवान परशुराम की ध्वजा पताकाएं लहराई गई और सभी उपस्थित लोगों ने जय परशुराम जय जय परशुराम जय श्री राम और जय सनातन धर्म की जय हो के नारे लगाए जिससे पूरा वातावरण धार्मिक उत्साह से गूंज उठा इस शोभायात्रा को पूरे गांव में निकालने के बाद सराय अकिल के करन चौराहा स्थित पांडे भवन से निकल रही शोभायात्रा में शामिल होने के लिए रवाना किया गया इस कार्यक्रम में नौजवानों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और इसे सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# तेज धूप बढ़ती गमी से लोग हुए बेहाल....

## सूयर्देव के तीखे तेवर पारा 42°C के पार भीषण गमी से जनजीवन बेहाल

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** तेज धूप और बढ़ती गमी के बाद आम जनता परेशान दिखाई पड़ रही है आम जनता को पीने की पानी की व्यवस्थाएं भी चौराहे कस्बे बाजार सरकारी कार्यालय अस्पताल बस स्टैंड आदि में दिखाई नहीं पड़ रही है पहले के जमाने में लोग प्याऊ चलाते थे और पौशाला व सार्वजनिक स्थानों से राहगीर पानी पीकर प्यास बुझाते थे लेकिन यात्रियों को प्यास बुझाने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर पानी की व्यवस्थाएं ना तो सरकार की ओर से दिखाई पड़ रही है और ना ही स्वयं सेवी संस्था की ओर से दिखाई पड़ रही है अप्रैल माह में ही जेठ जैसी तपिश महसूस होने लगी है। रविवार को गमी ने अपना रौद्र रूप दिखाया और अधिकतम तापमान 42त्ऊ दर्ज किया गया जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया। सुबह से ही तेज धूप और आसमान से बरसती आग ने लोगों को बेहाल कर दिया,वहीं दोपहर में चली लू की गर्म हवाओं ने स्थिति और गंभीर बना दी दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक सड़कों और बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा जरूरी काम से बाहर निकलने वाले लोग भी सिर और चेहरे को ढककर ही निकलते नजर आए। वतर्मान तापमान 41त्ऊ के आसपास बना हुआ है,जबकि रात में भी राहत नहीं मिल रही है। न्यूनतम तापमान 26त्ऊ रहने का अनुमान है,जिससे रातें भी उमस भरी बनी हुई हैं मौसम विभाग और स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि अत्यधिक गमी के दौरान अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें और शरीर में पानी की कमी न होने दें। इधर बढ़ते तापमान ने किसानों की चिंता भी बढ़ा दी है जो इस समय खेतों में मड़ाई और ढुलाई के कार्यों में लगे हैं। आने वाले दिनों में गमी और बढ़ने के आसार हैं।

# बाल वैज्ञानिक राज पाण्डेय राष्ट्रीय विज्ञान प्रदशनी में प्रतिभाग करने नई दिल्ली रवाना

**कौशांबी।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद नई दिल्ली द्वारा आयोजित 53 वीं राष्ट्र स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदशनी में जनपद के धर्मा देवी इंटर कॉलेज केन कनवार के बाल वैज्ञानिक राज पाण्डेय अपने नवाचार मॉडल को प्रदर्शित करेंगे। राष्ट्रीय स्तर की बाल वैज्ञानिक प्रदशनी का आयोजन 20 से 26 अप्रैल तक सेंट स्टीफंस कॉलेज नई दिल्ली में किया गया है ।उक्त जानकारी देते हुए समन्वयक जिला विज्ञान क्लब वसीम अहमद ने बताया कि राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान उत्तर प्रदेश,प्रयागराज एवं राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उत्तर प्रदेश, लखनऊ के तत्वाधान में जनपद मंडल एवं राज्य स्तर पर 53 वीं बाल वैज्ञानिक प्रदशनी का आयोजन किया गया। जनपद एवं मंडल स्तर पर धर्मा देवी इण्टर कॉलेज के कक्षा 11वीं के छात्र राज पाण्डेय द्वारा दुघटर्ना को कम करने के उद्देश्य से तैयार किया गया एंटी स्लीप अलार्म एवं ए0आई0 सेफ्टी फाइटर कार के मॉडल को निर्णायकों द्वारा खूब सराहा गया एवं उन्हें दिनांक 16 से 21 दिसम्बर 2025 के मध्य वाराणसी में आयोजित राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदशनी में अपने मॉडल को प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त हुआ। राज्य स्तर पर वैज्ञानिकों द्वारा इनके नवाचार मॉडल को उत्कृष्ट स्थान प्राप्त हुआ।निर्णायकों एवं वैज्ञानिकों के द्वारा प्रेषित रिपोर्ट के आधार पर राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) नई दिल्ली के द्वारा राष्ट्रीय स्तर की बाल वैज्ञानिक प्रदशनी के लिए राज पाण्डेय का चयन किया गया।राज पाण्डेय ने अपने नवाचार मॉडल प्रोजेक्ट के अन्तर्गत चालक सुरक्षा को दर्शाया तथा ए0 आई0 के जरिए फाइटर कार को रिमोट कंट्रोल द्वारा युद्ध की स्थिति में लेजर लाइट से ड्रोन कैमरा को हैक कर गुप्त जानकारी को दुश्मन देश से सुरक्षित रखने के तरीके को बताया।राष्ट्रीय स्तर की बाल वैज्ञानिक प्रदशनी में प्रतिभाग करने के लिए राज पाण्डेय विद्यालय से नई दिल्ली के लिए रवाना हुए।जिन्हें विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ राम किरण त्रिपाठी ने फूल मालाओं के साथ स्वागत और अभिनंदन कर रवाना किया और उन्हें शुभकामनाएं प्रदान की समन्वयक जिला विज्ञान क्लब वसीम अहमद व जिला विद्यालय निरीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार ने बाल वैज्ञानिक राज पाण्डेय,मार्गदर्शक शिक्षक बलवंत कुमार एवं विद्यालय के समस्त विज्ञान शिक्षको को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

**20 से 26 अप्रैल तक नई दिल्ली में आयोजित होगी राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदशनी**



# धूमधाम डीजे के साथ निकाली गई भगवान परशुराम की शोभायात्रा

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी** ब्लॉक नेवादा अंतर्गत ग्राम सभा बसुहार से भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में युवा कमेटी के सदस्यों द्वारा दिन रविवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई ' इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रितेश द्विवेदी उर्फ छोटू व वरिष्ठ समाजसेवी सुखनारायण त्रिपाठी (वकील) द्वारा शुरुआत प्राचीन शिव मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अचर्ना कर की गई। पूजन के उपरांत डीजे और बैंड-बाजे की धुन पर भगवान परशुराम की शोभायात्रा का भव्य आगाज हुआ। इस शोभायात्रा में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। और इस शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने पीले वस्त्र, पीली पगड़ी,के साथ हाथों में फरसा,बल्लम और तलवार लिए हुए भक्ति और उत्साह के साथ जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे। पूरे गांव में परशुराम भगवान के जयकारों से पूरे गांवों गुंजायमान रहा ' इस आयोजन में धर्मेंद्र पांडेय अतुल द्विवेदी की विशेष भूमिका रही। शोभायात्रा के दौरान तेज गमी और प्रचंड धूप को देखते हुए जगह-जगह श्रद्धालुओं के लिए पानी,शर्बत और जलपान की पूरी व्यवस्था भी की गई ' और इस ग्रामीणों के अनुसार ग्राम सभा बसुहार से निकाली गई शोभायात्रा ऐतिहासिक के साथ- साथ पूरे क्षेत्र के युवाओं ने एकजुट होकर इस धार्मिक कार्य को लेकर भव्य प्रदर्शन किया गया ' जिसमें क्षेत्रवासियों ने खूब सराहना की। इस मौके पर ग्राम सभा प्रधान तीरथ राज सिंह, कैलाश मिश्रा, मोनू पांडेय, अनूप द्विवेदी, आनंद तिवारी, अंकुर गाना, रंजीत मिश्रा, अंकित गाना, अक्षय शुक्ला, आदित्य शुक्ला, अंकज मिश्रा, दीपक मिश्रा, रानू तिवारी भरत तिवारी, रजत तिवारी, विनय मिश्रा, छोटू तिवारी, संगम लाल मिश्रा, दुर्गेश नंदन मिश्रा,छोटे मिश्रा, मनोज गाना, मुकेश कुमार, श्रवण ओझा, गंगा शुक्ला सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।

## परशुराम जयंती पर उमड़ा जनसैलाब सवर्ण आमी की विशाल शोभायात्रा ऐतिहासिक बनी

**कौशाम्बी।** भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर जनपद कौशाम्बी के सराय अकिल थाना क्षेत्र अंतर्गत करन चौराहे से हर वर्ष की भांति सवर्ण आमी द्वारा भव्य एवं ऐतिहासिक शोभायात्रा निकाली गई। इस विशाल यात्रा का नेतृत्व सवर्ण आमी के जिलाध्यक्ष अभिषेक पांडेय ने किया शोभायात्रा में जय परशुराम के गगनभेदी नारों से क्षेत्र गूंज उठा। यात्रा में आकर्षक झांकियां, पारंपरिक वेशभूषा,धार्मिक ध्वज, ढोल-नगाड़े आकर्षण का केंद्र रहे।जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। कार्यक्रम में कौशल्या नंद गिरी महामंडलेश्वर किन्नर अखाड़ा पूर्व विधायक उदयभान करवरिया मऊ मानिक पुर विधायक प्रतिनिधि पिंटू द्विवेदी,पुर्व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय,शीला द्विवेदी,अजय मिश्रा मऊ,मनोज द्विवेदी,अनूप मिश्रा,दीपक त्रिपाठी, देव रस्तोगी सहित हजारों भक्तगण उपस्थिति रहे। वक्ताओं ने भगवान परशुराम के आदर्शों पर चलने और समाज में एकता-सद्भाव बनाए रखने का संदेश दिया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा और शोभायात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

## भगवान परशुराम जयंती पर शोभा यात्रा में जयकारों से गूंज उठा मुख्यालय

**कौशांबी।** भगवान विष्णु जी के छठे अवतार भगवान परशुराम की जयंती दिनांक 19 अप्रैल 2026 को जिला मुख्यालय मंझनपुर में बड़े धूम- धाम से जयंती मनाई गई। ब्राह्मण समाज सेना कौशाम्बी के सोम प्रकाश मिश्र के तत्वाधान में जिला पंचायत चौराहा मंझनपुर में भारी संख्या में जिले के ब्राह्मणों का जमावड़ा हुआ।आकर्षण का केंद्र,दुर्गा देवी संस्कृत विद्यालय मंझनपुर के 51 बटुक रहे 'मंझनपुर चौराहे से भगवान परशुराम जी की शोभा यात्रा मॉडल पार्क मंझनपुर तक निकाली गई।शोभायात्रा में 51 बटुक ब्राह्मण पीले वस्त्र धारण किए वैदिक मंत्रोच्चार करते रहे शंख,घंटा घड़ियाल की ध्वनि गुंजायमान रही,भक्त गण निरंतर शोभायात्रा में पुष्पवर्षा करते हुए मॉडल पार्क पहुंच कर स्थापित भगवान परशुराम की मूर्ति का पूजन कर माल्यार्पण,स्वस्तिवाचन मंत्रों से पुष्पवर्षा के बीच किया गया।तत्पश्चात पार्क के हाल में ब्राह्मण गोष्ठी की गई।जिसमें वक्ताओं ने अपने विचार रखे। एडवोकेट राम प्रकाश मिश्रा ने सरकार एवं अन्य राजनैतिक दलों द्वारा ब्राह्मण समाज की उपेक्षा उत्पीड़न पर चिंता व्यक्त किया। रउ/रळ कानून व वऋ्र कानून को तत्काल वापस लेने की मांग की। प्रभारी सोम प्रकाश मिश्रा ने ब्राह्मण समाज को आश्वस्त किया ' ब्राह्मण समाज के हर संघर्ष के साथ खड़ा रहूंगा और समाज के प्रति अन्याय उत्पीड़न पर मुंहतोड़ जवाब दिया जायेगा पूर्व ब्लॉक प्रमुख मूरतगंज वीरेन्द्र नारायण शुक्ल उर्फ लाला महराज ने संगठन के कार्यों की सराहना करते हुए समाज की एकता पर बल दिया।रमाकांत तिवारी प्रधान ने ब्राह्मण समाज से अनुकरणीय आचरण,शिखा यज्ञोपवीत तिलक धारण करने पर जोर दिया।अवनीश तिवारी प्रधान ने समाज के कमजोर लोगों की मदद करने पर जोर दिया। शोभायात्रा का नेतृत्व पूर्व प्राचार्य रवीन्द्र नारायण शुक्ल,एडवोकेट नर नारायण मिश्र,हिरण्यक द्विवेदी, अश्वनी तिवारी,अरुण पांडे, संजय तिवारी,शिवम पांडे,विष्णु प्रकाश मिश्रा,डॉ सतीश त्रिपाठी, आदि ब्राह्मण समाज के सैकड़ों लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# न्यूज झरोखा

## नो बैग डे बना सीखने का उत्सव आत्मरक्षा व स्काउट-गाइड से निखरा बच्चों का आत्मविश्वास



**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी** सिराथू ब्लॉक के कंपोजित विद्यालय कादीपुर में शनिवार को नो बैग डे के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम बच्चों के लिए सीखने का उत्सव बन गया। इस दौरान विद्यालय का माहौल पूरी तरह बदला नजर आया,जहां बिना किताब-कॉपी के भी बच्चों ने नए-नए अनुभव हासिल किए और अपनी प्रतिभाओं को खुलकर प्रदर्शित किया।कार्यक्रम में छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए। प्रशिक्षक सुषमा देवी ने उन्हें दैनिक जीवन में आने वाली संभावित परिस्थितियों से निपटने के व्यावहारिक तरीके बताए और अभ्यास कराया। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए आत्मविश्वास के साथ तकनीकों का प्रदर्शन किया। वहीं स्काउट-गाइड प्रभारी सुधा गौड़ ने बच्चों को अनुशासन,टीमवर्क,सेवा भावना और नेतृत्व कौशल का प्रशिक्षण दिया,जिससे उनमें जिम्मेदारी और सहयोग की भावना विकसित हुई। शिक्षक मनमोहन सिंह चौहान ने खेल एवं गतिविधि आधारित शिक्षण को बढ़ावा देते हुए बच्चों के साथ विभिन्न रोचक गतिविधियां कराईं। उन्होंने बच्चों को समूहों में बांटकर रचनात्मक खेल,तार्किक सोच विकसित करने वाले अभ्यास और सहभागिता आधारित गतिविधियां कराईं, उन्होंने बच्चों को अनुशासन,नियमित अभ्यास और सकारात्मक सोच अपनाने की प्रेरणा भी दी।प्रधानाध्यापिका सविता देवी ने कहा कि नो बैग डे जैसे आयोजन बच्चों को तनावमुक्त वातावरण में सीखने का अवसर प्रदान करते हैं।

## पशु वाडा में लगी आग गृहस्वामी समेत पांच भैंस जले




**आषाढ़ा कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के छिमिरछा कुतुबपुर गांव में रविवार को तीन बजे पशुपालक के पशुवाड़ा में अचानक आग लग गई है देखते देखते आग में विकराल रूप ले लिया अग्निकांड में पांच भैंस जल गई है जिनमें एक पशु की हालत गंभीर है पशुवाड़ा में आग लगने के बाद पशुओं को बचाने के लिए गृह स्वामी शंकर लाल साहू पुत्र बाबूलाल मौके पर पहुंचे और पशुओं को बचाने का प्रयास करने लगे जिससे शंकर लाल भी इस अग्निकांड में गंभीर झुलस गए हैं घटना की जानकारी मिलते ही गांव के तमाम लोग पहुंचे और कड़ी मेहनत के बाद आग बुझाने में सफलता पाई है अग्निकांड में झूलसे शंकर लाल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भती कराया गया है और इस अग्निकांड में झुलसे पांच पशुओं का इलाज पशु डॉक्टर द्वारा किया जा रहा है लाखों रुपए का नुकसान इस घटना में बताया जा रहा है घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर लेखपाल रंजीत कुमार यादव और ग्राम प्रधान समीक्षा विमल कुमार मौर्य पहुंच गए हैं।

## ससुराल से वापस लौट रहे बाइक सवार युवक को कार ने मारी टक्कर घायल



**कोखराज कौशांबी** कोखराज थाना क्षेत्र के जयसवाल होटल के पास बाइक सवार युवक को तेज रफ्तार कार ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी है जिससे बाइक सवार युवक सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर घायल हो गया है दुर्घटना देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना थाना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई है मौके पर पहुंची एंबुलेंस चालक रवि तिवारी और महेश कुमार ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के कोखराज गांव के रहने वाले वीरेंद्र कुमार उम्र 30 वर्ष पुत्र मुन्नालाल रविवार के शाम को अपनी ससुराल से बाइक से वापस अपने घर लौट रहे थे जैसे ही वह जायसवाल होटल के सामने पहुंचे तेज रफ्तार कार चालक ने उनकी बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े हैं और गंभीर रूप से घायल हो गए हैं दुर्घटना देखकर होटल कमी और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे हैं मामले की सूचना थाना पुलिस वा एंबुलेंस को दी गई है मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है लेकिन हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया है दुर्घटना की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग भी पहुंच गए हैं।

## वाहन स्वामी अपने वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट अवश्य लगवाए

### बिना हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट वाले वाहनों का प्रदूषण प्रमाण पत्र निर्गत करने पर की जाएगी कायर्वाही

**कौशांबी।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी तारकेश्वर मल्ल ने अवगत कराया है कि शासन द्वारा समस्त प्रदूषण जांच केन्द्रों के संचालकों को निर्देशित किया गया है कि दिनांक 15.04.2026 के पश्चात किसी भी ऐसे वाहन,जिस पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट न लगी हो, उसका प्रदूषण प्रमाण पत्र किसी भी दशा में निर्गत न किया जाय। निर्गत किये जाने की दशा में परिवहन कार्यालय द्वारा प्रदूषण जांच केन्द्र के लाइसेन्स को निलम्बित/निरस्त कर दिया जायेगा, जिसके लिए प्रदूषण जांच केन्द्र संचालक स्वयं उत्तरदायी होंगे और परिवहन विभाग द्वारा उन पर विधिक कायर्वाही की जायेगी सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने जनपद के समस्त वाहन चालकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगवाना सुनिश्चित करें। हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट न होने की दशा में प्रदूषण प्रमाण पत्र निर्गत नहीं किया जा सकेगा। परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा मोटरयान अधि0-1988 की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत चालान निरूद्ध की कायर्वाही की जायेगी,जिसके लिए वाहन स्वामी चालक स्वयं उत्तरदायी होंगे।

## विद्याथी परिषद ने चलाया स्वच्छता अभियान

**कौशांबी।** अखिल भारतीय विद्याथी परिषद कौशाम्बी जिला द्वारा दिनांक 19 अप्रैल को विकासार्थ विद्याथी के माध्यम से प्रत्येक रविवार को होने वाले मंझनपुर में संडे फॉर मंझनपुर के अंतर्गत स्वच्छता अभियान के निमित्त डायट मैदान में प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया गया जिसमें मैदान में बिखरे प्लास्टिकों को एकत्रित करके उसको नष्ट किया गया यह अभियान प्रत्येक रविवार को मंझनपुर के विद्याथी कार्यकर्ताओं द्वारा चलाया जाता है इसमें हर सप्ताह विद्याथी जुड़ते हैं और अपना एक घंटे का समय समाज हित के लिए देते हैं ताकि नगर को प्लास्टिक मुक्त बनाया जा सके यह अभियान करीब डेढ़ वषी से नियमित चलाया जा रहा है अभियान में जिला संगठन मंत्री अश्विनी सिंह,प्रांत विकासार्थ विद्याथी संयोजक सुशील सोनकर, नगर मंत्री दीपक राजपूत सहित विद्याथी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संदीपन घाट थाना प्रभारी इंद्रदेव ने पुलिस बल के साथ मूरतगंज में किया पैदल गश्त

**हररायपुर कौशांबी** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मूरतगंज कस्बे में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से थाना प्रभारी इंद्रदेव ने पुलिस बल के साथ रविवार की शाम पैदल गश्त किया। यह गश्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई जिसमें क्षेत्र के प्रमुख मार्गों और भीड़भाड़ वाले स्थानों का विशेष निरीक्षण किया गया गश्त के दौरान थाना प्रभारी ने स्थानीय नागरिकों व्यापारियों और राहगीरों से बातचीत कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया। उन्होंने लोगों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें और शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें इस दौरान पुलिस टीम ने संवेदनशील स्थानों पर विशेष नजर रखी और आसपास के हालात का जायजा लिया। पुलिस की सक्रियता से क्षेत्र में सुरक्षा का माहौल मजबूत हुआ है तथा लोगों में भरोसा बढ़ा है।

# वात्सल्य पीठ: करुणा, साधना और आत्मोन्नति का दिव्य तीर्थ

## सम्पादकीय

### वेदांता हादसा, वही पुराने सवाल

**छत्तीसगढ़** के सक्ती जिले में वेदांता पावर प्लांट में हुए बड़े हादसे ने बिहार से बंगाल तक कई परिवारों पर बड़ा दुख बरपाया है। 14 अप्रैल की दोपहर में प्लांट की बॉयलर यूनिट के पास अचानक एक बड़ा धमाका हुआ, जिसने पल भर में कई जिंदगियों को लील लिया। घोषित तौर पर इस हादसे में अब तक 20 लोगों की जान जा चुकी है और कम से कम 36 लोग बुरी तरह घायल हुए हैं। लेकिन हताहतों का असली आंकड़ा क्या है, यह दावे से कौन कह सकता है, क्योंकि सात सौ डिग्री सेल्सियस से भी ज्यादा तापमान वाला बॉयलर जब फटा तो उस वक्त बड़ी संख्या में श्रमिक पेंटिंग और तकनीकी काम कर रहे थे। जिनमें से कुछ वहीं मारे गए, कुछ अस्पतालों में इलाज के दौरान मरे, और कुछ तो अंतिम संस्कार से पहले ही राख में तब्दील हो गए। मुर्दाघर के बाहर अपने परिजनों की शिनाख्त में लोग भटकते रहे, क्योंकि शवों की पहचान भी मुश्किल हो गई थी। कुछ श्रमिकों के परिजनों का दावा है कि प्लांट के भीतर काम करने गए कई लोग अब भी लापता हैं।

बहरहाल इस हादसे के बाद जैसा कि रिवाज है, कंपनी ने, राज्य सरकार ने और इस बार तो केंद्र सरकार ने भी मृतकों के परिजनों और घायलों के लिए मुआवजे का ऐलान किया है। वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दुख जताते हुए लिखा, 'छत्तीसगढ़ के सिंघीतराई प्लांट में हुए दुखद हादसे से गहरा दुख हुआ है। इस हादसे से प्रभावित हर व्यक्ति मेरा परिवार है। आपके आंसू मेरे हैं, आपका दर्द मेरा है। हमारा पूरा सहयोग, हर तरह से आपके साथ है।' इसमें कोई दो राय नहीं कि कंपनी के मालिक को इस तरह के हादसे पर दुख है, लेकिन हताहतों के परिजनों पर जो बीती है, जो आंसू उनकी आंखों में हैं, वो मालिकान के कैसे हो सकते हैं। अगर ऐसा होता तो शायद ऐसे हादसे होने की नौबत ही नहीं आती।

फिलहाल यह पता नहीं है कि बॉयलर किस वजह से फटा, इसलिए किसी पर सीधे दोषारोपण नहीं हो सकता। लेकिन अक्सर ऐसी औद्योगिक दुर्घटनाओं में यही देखा जाता है कि जरा सी लागत बचाने के फेर में रख-रखाव में चूक होती है, या अकुशल लोगों को काम पर रखा जाता है। इसमें जब कोई गड़बड़ होती है तो उसमें सबसे पहले श्रमिक ही प्रभावित होता है। कभी दुर्घटना का शिकार होकर किसी का अंग-भंग होता है, या जान चली जाती है, तो कुछ लाख रूपए का मुआवजा देकर बात आयी-गयी की जाती है। जो इंसान आठ-दस घंटे श्रम करके भी एक लाख रुपए इक्ा नहीं कर पाता, उसे या उसके परिवार को अगर एकमुश्त कई लाख रूपए मिल जाएं, तो फिर कौन नाइंसाफी के खिलाफ आवाज उठाएगा। फिर पूंजीवादी व्यवस्था का जाल भी ऐसा है कि गरीब को इंसाफ मिलने की उम्मीद रंचमात्र भी नहीं रहती है। इसलिए श्रमिकों के हक में यदा-कदा आवाज उठने के बाद भी उनकी जीवनस्थिति में कोई बदलाव नहीं आया है।

बहरहाल, इस हादसे के बाद वेदांता कंपनी ने मृतकों के परिजनों के लिए 35 लाख रुपए मुआवजा और साथ ही रोजगार सहायता देने की घोषणा की है।

-: ललित गर्ग:-

**दिल्ली** जैसे महानगर की आपाधापी, भागदौड़ और संवेदनहीनता के बीच यदि कोई ऐसा स्थान निर्मित हो, जहाँ पहुंचते ही मन शांत हो जाए, आत्मा को विश्राम मिले और जीवन को एक नई दिशा का बोध हो, तो निश्चय ही वह स्थान साधारण नहीं, बल्कि दिव्यता का स्पंदित केन्द्र होता है। ह्यवात्सल्य पीठह्न ऐसा ही एक अनुपम आध्यात्मिक तीर्थ बनकर उभरा है, जो शासनमाता साध्वीप्रमुखा कनकप्रभाजी की स्मृतियों को संजोए हुए न केवल तेरापंथ धर्मसंघ के अनुयायियों के लिए, बल्कि समस्त मानवता के लिए शांति, साधना और आत्मिक उन्नति का केन्द्र बनने जा रहा है। 19 अप्रैल 2026 को इसके उद्घाटन का पावन अवसर केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक युगीन चेतना के जागरण एवं आध्यात्मिक अनुभवों का प्रतीक है। यह वही पावन भूमि है, जहाँ साध्वीप्रमुखा कनकप्रभाजी ने अपने तप, त्याग और आत्म-साधना के अनेक अमूल्य क्षण व्यतीत किए एवं यह वही सिद्ध भूमि है जहां उन्होंने देह से विदेह होने की यानी निर्वाण यात्रा की है और इसी भूमि पर उनका दाह-संस्कार हुआ। आज वही भूमि ह्यवात्सल्य पीठह्न के रूप में एक ऐसे जीवंत तीर्थ में परिवर्तित हो चुकी है, जहाँ हर कण में वात्सल्य की मधुरता और साधना की गंभीरता अनुभव की जा सकती है। यहाँ का वातावरण मानो स्वयं बोलता है, यहाँ शांति केवल शब्द नहीं, बल्कि अनुभूति है, यहाँ अध्यात्म केवल विचार नहीं, बल्कि जीवन का साक्षात स्पर्श है। इस स्थल पर पहुंचकर ऐसा लगता है कि जीवन की समस्त अशांति, व्याकुलता और तनाव धीरे-धीरे विलीन हो रहे हैं और आत्मा अपने वास्तविक स्वरूप की ओर लौट रही है।

ह्यवात्सल्य पीठह्न की संरचना और सज्जा भी अपने आप में अत्यंत अद्वितीय और आकर्षक है। इसकी वास्तुकला में आधुनिकता और आध्यात्मिकता का सुंदर समन्वय देखने को मिलता है। खुले आकाश की ओर उन्मुख इसकी रचना, प्राकृतिक प्रकाश के लिए बनाए गए स्काईलाइट्स, स्वच्छ वायु के संचार के लिए संतुलित वेंटिलेशन, और सादगी में निहित गरिमामयी भव्यता-ये सभी तत्व इसे एक सजीव ध्यान-स्थली का रूप प्रदान करते हैं। यहाँ की प्रत्येक दीवार, प्रत्येक मार्ग और प्रत्येक कोना जैसे एक मौन संदेश देता है कि जीवन का उद्देश्य बाहरी चकाचौंध में नहीं, बल्कि आंतरिक प्रकाश की खोज में है। ह्यतमसो मा ज्योतिर्गमयह्न का शाश्वत मंत्र यहाँ की संरचना में साकार रूप से अनुभव किया जा सकता है। इसकी सज्जा कृत्रिम आडंबर से दूर, सहज और सात्विक है, जो साध्वीप्रमुखा कनकप्रभा के व्यक्तित्व की ही तरह निर्मल, शांत और प्रभावशाली प्रतीत होती है।

साध्वीप्रमुखा कनकप्रभा का व्यक्तित्व अपने आप में एक विलक्षण प्रेरणा है। वे केवल एक साध्वी नहीं थीं, बल्कि वात्सल्य की मूर्ति, ज्ञान की गंगा और सृजन की सजीव सरस्वती थीं। अल्पायु में ही आचार्य तुलसी के सान्निध्य में दीक्षित होकर उन्होंने अपने जीवन को साधना, सेवा और सृजन के लिए समर्पित कर दिया। मात्र 17 वर्ष की आयु में उन्होंने जिस आध्यात्मिक पथ का वरण किया, वह आगे चलकर एक विराट साध्वी संघ के संचालन और मार्गदर्शन तक पहुँचा। लगभग सात सौ से अधिक साध्वियों के विशाल परिवार का नेतृत्व करना अपने आप में एक अद्भुत उपलब्धि है और यह तब और भी विशिष्ट हो जाता है जब उसमें अनुशासन के साथ-साथ वात्सल्य और संवेदना का संतुलन भी बना रहे। उन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि नारी केवल करुणा और ममता की प्रतीक नहीं, बल्कि संगठन, नेतृत्व और सृजन की भी



अद्वितीय शक्ति है। उनका जीवन एक दीपशिखा की भांति था, जो स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाश प्रदान करती रही। उनकी वाणी में ओज, विचारों में गहराई और आचरण में ऐसी पवित्रता थी, जो हर व्यक्ति को प्रभावित और प्रेरित करती थी। वे केवल आध्यात्मिक साधना तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि साहित्य, शिक्षा और सामाजिक चेतना के क्षेत्र में भी उन्होंने उल्लेखनीय योगदान दिया। उन्होंने अनेक साहित्यिक कृतियों की रचना और संपादन किया तथा आचार्य तुलसी की आत्मकथा ह्यमेरा जीवन मेरा दर्शनह्न के संपादन में भी अपनी अद्वितीय प्रतिभा का परिचय दिया। उनकी लेखनी में संवेदनशीलता, अभिव्यक्ति में माधुर्य और चिंतन में गहराई का अद्भुत समन्वय था। वे एक सफल साध्वी, कुशल प्रशासक, प्रभावशाली वक्ता और संवेदनशील कवयित्री के रूप में जानी जाती थीं।

ह्यवात्सल्य पीठह्न का निर्माण केवल एक स्मारक के रूप में नहीं किया गया है, बल्कि इसे एक जीवंत आध्यात्मिक केन्द्र के रूप में विकसित किया गया है। यह स्थान आने वाले समय में एक ऐसे तीर्थ के रूप में प्रतिष्ठित होगा, जहाँ न केवल श्रद्धालु, बल्कि जीवन में शांति-दिशा की खोज करने वाला प्रत्येक व्यक्ति आकर्षित होगा। यहाँ आने वाला हर व्यक्ति अपने भीतर एक नई ऊर्जा, एक नई सकारात्मकता और एक नए संकल्प का अनुभव करेगा। यह स्थान व्यक्ति को स्वयं से जोड़ता है और यही जुड़ाव उसे समाज, संस्कृति और मानवता के प्रति अपने दायित्वों का भी बोध कराता है। शासन माता साध्वीप्रमुखा कनकप्रभा का संपूर्ण जीवन वात्सल्य की ऐसी निर्मल धारा था, जिसने न केवल तेरापंथ साध्वी संघ को, बल्कि जन-जन के अंतर्मन को भी स्नेह, करुणा और आत्मीयता से आप्लावित किया। उनके व्यक्तित्व में वात्सल्य केवल एक गुण नहीं, बल्कि एक जीवंत चेतना थी, एक ऐसी करुणामयी ऊर्जा, जो हर मिलने वाले को अपनेपन के आलोक में भर देती थी। वे अनुशासन की अधिष्ठात्री होते हुए भी ममता की मूर्ति थीं, उनके सान्निध्य में कठोरता भी कोमलता में बदल जाती थी। उन्होंने सैकड़ों साध्वियों का नेतृत्व केवल व्यवस्था से नहीं, बल्कि माँ की तरह स्नेहिल संरक्षण देकर किया और यही कारण था कि उनके व्यक्तित्व में ह्यशासनह्न और ह्यमाताह्न का अद्भुत संगम साकार हुआ। उनके प्रेम, संवेदना और वात्सल्य की असीम अनुकम्पा से अनगिनत जीवन स्पर्शित, परिवर्तित और आलोकित हुए। इसी वात्सल्य-रस से आप्लावित उनके जीवन की स्मृतियों को सहेजने के लिए ह्यवात्सल्य पीठह्न नाम पूर्णतः सार्थक और उपयुक्त प्रतीत होता है, क्योंकि यह केवल एक स्मारक नहीं, बल्कि उस दिव्य मातृत्व, उस अनंत करुणा और उस जीवनदायी स्नेह का प्रतीक है, जिसे साध्वीप्रमुखा कनकप्रभा ने अपने जीवन के प्रत्येक क्षण में जिया और जन-जन तक पहुँचाया। आज के समय में, जब भौतिकता और प्रतिस्पर्धा की अंधी दौड़ में मनुष्य अपने भीतर की शांति और संतुलन खोता जा रहा है, ऐसे में ह्यवात्सल्य पीठह्न जैसे केन्द्र अत्यंत आवश्यक हो जाते हैं। यह हमें स्मरण कराता है कि जीवन का वास्तविक सुख बाहरी उपलब्धियों में नहीं, बल्कि आंतरिक संतुलन और आत्मिक उन्नति में निहित है। साध्वी प्रमुखा कनकप्रभा जी का जीवन इसी सत्य का सजीव उदाहरण है। उन्होंने अपने जीवन के माध्यम से यह संदेश दिया कि साधना से आत्मा का उत्थान होता है, सेवा से समाज का निर्माण होता है और सृजन से संस्कृति का संवर्धन होता है। ह्यवात्सल्य पीठह्न इसी त्रिवेणी-साधना, सेवा और सृजन का साकार रूप है। यह स्थान न केवल अतीत की गौरवगाथा को संजोए हुए है, बल्कि भविष्य के लिए भी एक प्रेरणास्त्रोत है। यहाँ की हर ईंट, हर पत्थर और हर संरचना में साध्वीप्रमुखा कनकप्रभाजी के जीवन मूल्यों की झलक दिखाई देती है। यह स्थल उनके व्यक्तित्व का प्रतिबिंब ही नहीं, बल्कि उनके विचारों और साधना का जीवंत विस्तार है।

निस्संदेह, आने वाले समय में ह्यवात्सल्य पीठह्न एक ऐसे तीर्थ के रूप में प्रतिष्ठित होगा, जहाँ से शांति, करुणा और आध्यात्मिकता की किरणें चारों ओर फैलेगी। यह स्थान जन-जन को यह प्रेरणा देगा कि जीवन की सच्ची यात्रा बाहर नहीं, भीतर की ओर होती है।

## बहुत तेजी से बढ़ रही हैं कीमतें और मुद्रास्फीति

– नन्तू बनर्जी

**रेपो** दर में बढ़ोतरी से आमतौर पर गृह, व्यक्तिगत और व्यावसायिक कर्ज पर ब्याज दरें बढ़ जाती हैं, जबकि रेपो दर में कमी होने पर ये ऋण सस्ते हो जाते हैं। केंद्रीय बैंक अक्सर मुद्रास्फीति के लिए एक आदर्श सीमा तय करते हैं–जैसे कि भारत के मामले में यह सीमा दो से छह प्रतिशत है–और वे इस आधार पर रेपो दर में बदलाव करते है।

रस की खाड़ी क्षेत्र में भू-राजनीतिक तनाव और कमजोर भारतीय रुपये के कारण देश में सभी वस्तुओं और परिवहन की लागत में काफी बढ़ोतरी देखी जा रही है। रोजमर्रा की जरूरी चीजों की खुदरा कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं। खाने के तेल, दालों और पैकेटबंद खाने की चीजों, जिनमें पीने का पानी भी शामिल है, की कीमतें पिछले महीने से बढ़ गई हैं। कीमती धातुओं की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई हैं। 8 अप्रैल, 2026 को कुछ बाजारों में सोने की कीमतें 10 ग्राम पर 153,000 रुपये से ऊपर पहुंच गईं, जिसकी मुख्य वजह सोने में 'सुरक्षित निवेशइ की मांग थी। कोकिंग कोयले जैसे कच्चे माल की लागत में लगभग 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है, जिसका सीधा असर स्टील बनाने वालों पर पड़ा है, जिनमें से 95 प्रतिशत लोग आयात पर निर्भर हैं। खाने की चीजों की थोक महंगाई फरवरी से तेजी से बढ़ने लगी, जिसमें तिलहन की कीमतों में भारी बढ़ोतरी हुई। भारत की थोक कीमतें अकेले फरवरी में 2.13 प्रतिशत बढ़ीं - जो एक साल में सबसे तेज बढ़ोतरी थी- और इसकी मुख्य वजह मैन्युफैक्चरिंग और खाने की चीजों की ऊंची कीमतें थीं। विडंबना है कि देश का रिजर्व बैंक महंगाई के इस परेशान करने वाले रुझान को लेकर कम चिंतित लग रहा है, और उसका ज्यादा ध्यान महंगाई के बीच आर्थिक



विकास को बनाए रखने पर है। पिछले हफ्ते, भारतीय रिजर्व बैंक की मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी ने लगातार दूसरी बार रेपोरेट को 5.25 प्रतिशत पर बनाए रखने का फैसला किया, जो एक लंबे ठहराव का संकेत है। रिजर्व बैंक का दरों को स्थिर रखने का फैसला, मजबूत घरेलू विकास और बढ़ती महंगाई के दबाव के बीच संतुलन बनाने की जरूरत से प्रेरित माना जा रहा है। ऐसा लगता है कि इस $फैसले पर सरकारी नीति का काफी असर पड़ा है। सरकार बढ़ती महंगाई, आयात की बढ़ती लागत, घटते निर्यात, घरेलू मुद्रा के गिरते मूल्य और पश्चिम एशिया से आने वाले पैसे (रेमिटेंस) में भारी गिरावट जैसी कई चुनौतियों के बावजूद अर्थव्यवस्था के विकास को बनाए रखने की पूरी कोशिश कर रही है। उम्मीद है कि रिजर्व बैंक 2026 में एक सतर्क, 'तटस्थइ मौद्रिक नीति बनाए रखेगा, और महंगाई से निपटने के लिए ब्याज दरों को स्थिर रखेगा। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि भू-राजनीतिक तनाव और तेल की बढ़ती कीमतों के कारण जरूरी हुई ऊंची दरें, भारत की जीडीपी वृद्धि को वित्तीय वर्ष 2025-26 में 7.6 प्रतिशत से घटाकर 2026-27 में 6.9 प्रतिशत या उससे भी कम कर सकती हैं।

हालांकि रिजर्व बैंक ने अप्रैल 2026 में दरें स्थिर रखीं, लेकिन लगातार बनी हुई ऊंची महंगाई–जो आपूर्ति की समस्याओं और 4.2 प्रतिशत से बढ़कर 4.6 प्रतिशत की मुद्रास्फीति के अनुमान के कारण है–अंततः कुछ कड़े कदम उठाने पर मजबूर कर सकती है। मार्च में ओईसीडी की अंतरिम रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि भारत को 2026 की दूसरी तिमाही में अस्थायी रूप से दरें बढ़ानी पड़ सकती हैं। पश्चिम एशिया में चल रहा संघर्ष और कच्चे तेल की ऊंची कीमतें बड़े जोखिम हैं, जो इनपुट लागत और महंगाई को बढ़ा सकते हैं, जिससे विकास पर नीचे की ओर दबाव पड़ सकता है। हालांकि भारत अभी भी सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है, लेकिन अप्रैल 2026-मार्च 2027 की अवधि के लिए किए गए अनुमानों को थोड़ा कम किया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने 6.9 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान लगाया है, जबकि विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने वैश्विक बाधाओं के कारण 6.4 प्रतिशत और 6.6 प्रतिशत के बीच अलग-अलग अनुमान लगाए हैं। संभावित मंदी के बावजूद, विश्लेषकों का मानना है कि मजबूत घरेलू मांग, ऊंची विनिर्माण गतिविधि और बेहतर कॉपोरेट बैलेंस शीट अर्थव्यवस्था को कुछ हद तक सुरक्षा प्रदान करती हैं। ईरान संघर्ष भारत के 135 अरब डालर से अधिक के रेमिटेंस प्रवाह के लिए एक बड़ा जोखिम पैदा करता है। खाड़ी क्षेत्र में काम करने वाले 90 लाख से ज्यादा भारतीय कामगारों को नौकरी जाने, वेतन में कटौती और जबरन स्वदेश वापसी का सामना करना पड़ सकता है। भारत के रेमिटेंस का लगभग 38-40 प्रतिशत, या लगभग 51 अरब डालर, खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) क्षेत्र से आता है, जिससे अर्थव्यवस्था चल रही बाधाओं और बढ़ती परिचालन लागतों के प्रति संवेदनशील हो जाती है। इस संघर्ष के कारण निर्माण और सेवा क्षेत्रों में लगभग 200,000 भारतीय नौकरियां जोखिम में हैं, जिनमें से 20-50 प्रतिशत लोगों को वेतन में कटौती या बिना वेतन के छुट्टी का सामना करना पड़ सकता है। 220,000 से ज्यादा भारतीय नागरिक पहले ही स्वदेश लौट चुके हैं। स्वदेश लौटने वाला हर कामगार परिवारों के लिए आय का एक स्त्रोत खो जाने का प्रतीक है, जिसका असर केरल, उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे भारतीय राज्यों में उपभोग पर पड़ता है। जीसीसी क्षेत्र में बढ़ती स्थानीय लागतें, और साथ ही कंपनियों द्वारा खर्चों में की जा रही कटौती, श्रमिकों के पास घर भेजने के लिए उपलब्ध खर्च योग्य आय को कम कर रही हैं।

## योगीजी, घर सुधारिए नक्सलवाद चला जाएगा

अरविन्द मोहन

**नोएडा** और आसपास के गांवों में छह-सात मंजिल वाले अनधिकृत 'मजदूर निवास' न होते तो इतनी कम कमाई पर मजदूरों का रह पाना भी मुश्किल होता। ये सारे आवास दुर्घटनाओं को तो आमंत्रित करते ही हैं रोज हर काम के लिए ऊपर नीचे आने के लिए सीढ़ियां चढ़ना भी मजदूरों की आठ घंटे की ड्यूटी जितना श्रम ही लेता है और कहीं आठ घंटे का ही काम होता हो ऐसे ठिकाने भी कम ही हैं।

जदूरों की नाराजगी जगह-जगह दिखने की खबरें पिछले दो महीने से कम समय में लगातार आ रही थीं लेकिन बैसाखी के दिन जब नोएडा में करीब पचास हजार मजदूर अपने काम छोड़कर सड़कों पर आ गए तो राष्ट्रीय राज मार्ग समेत सारा नोएडा थम गया। एक-दो जगह पुलिस से हिंसक झड़प भी हुई और सरकार ने तुरंत मजदूरों से बातचीत के लिए एक उच्च स्तरीय कमेटी बना दी। चूंकि राजधानी के लगभग सारे मीडिया हाउस नोएडा पहुंच गए हैं, इसलिए पहली बार मजदूरों के आंदोलन की खबरें भी दिखीं- यह जरूर है कि मजदूरों की नाराजगी या उनकी मांगों जितना ही महत्व ट्रैफिक थमने से हुई आम लोगों की परेशानी की खबर को मिला। यह प्रायः हर मजदूर और किसान आंदोलन के समय होता है और बाबुओं का आंदोलन अब होता नहीं, पार्टियों की रैली भी रुक ही गई है।

खैर! नोएडा के मजदूरों की मांग थी



कि उनको हरियाणा द्वारा हाल में दिए न्यूनतम मजदूरी के बराबर मजदूरी मिले। हरियाणा ने पिछले दिनों 14000 रुपये न्यूनतम मासिक वेतन को बढ़ाकर 19000 रुपए कर दिया है जो पहली अप्रैल से लागू होगा। उत्तर प्रदेश में अभी यह मात्र 13000 रुपये है और मजदूर आंदोलन की स्थिति यह है कि सरकार द्वारा नियुक्त अधिकारियों की कमेटी को मजदूरों का प्रतिनिधि ढूंढना भारी पड़ रहा है क्योंकि किसी फैक्टरी में शायद ही यूनियन बनी हुई है। अब यहां तक की बात तो सामान्य ढंग वाली है और राज्य सरकार की तुरंत की गई कार्रवाई- जांच कमेटी बैठाना, भी उचित मानी जा सकती है। लेकिन तभी राज्य के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने पास के मुजफ्फरनगर में विकास की 423 परियोजनाओं का एक साथ उद्घाटन करते हुए ऐसी बात कर दी जो उनकी मंशा से लेकर जांच कमेटी बैठाने के फैसले तक को सवालिया निशान के घेरे में ला देता है। उन्होंने कहा कि देश से नक्सलवाद समाप्त होने के कगार पर है। नोएडा जैसी घटनाएं उसे जिंदा करने का प्रयास हो सकती हैं। अब जब मुख्यमंत्री का नजरिया यह है तो अधिकारियों का क्या होगा यह समझा जा सकता है। वे क्या करेंगे यह अंदाजा भी पहले दिन लग जाता है। करीब पचास हजार मजदूर उस दिन सड़कों पर निकले थे और सिर्फ दो जगह झड़प हिंसक हुई। बिना नेतृत्व वाले आंदोलन के लिए यह काफी बड़ी बात थी और मुख्यमंत्री को अपने प्रदेश के औद्योगिक मजदूरों का न्यूनतम वेतन नहीं मालूम हो यह संभव नहीं है। उनको यह भी मालूम होगा कि यह हरियाणा से ही नहीं दिल्ली से भी काफी कम है और अगर आपके प्रदेश ही नहीं पूरी हिन्दी पट्टी में आज नोएडा विकास का इंजन माना जाता है तो उस पर तो सुविधाओं की बारिश होनी चाहिए। आज उत्तर प्रदेश में राजस्व के मामले में भी नोएडा नंबर वन बना हुआ है।

इसकी हालत कितनी बुरी है इसका अंदाजा एक दिन के हड़ताल और ट्रैफिक की तकलीफ से नहीं लगाया जा सकता।

## व्यापारियों दशा अभियान चलाने की तैयारी हर गुरुवार होगा नगर भ्रमण

अखंड भारत संदेश

**सुलतानपुर। कॉउन्सिल** ऑफ उद्योग व्यापार मंच की कोर कमेटी की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष कुलदीप गुप्ता के आवास पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरदार बलदेव सिंह की मौजूदगी में हुई। बैठक में व्यापारियों की समस्याओं और संगठन की सक्रियता बढ़ाने को लेकर चर्चा की गई।जिला महामंत्री राजेश माहेश्वरी ने व्यापारियों की समस्याओं को बिंदुवार रखते हुए संगठन को मजबूत बनाने का प्रस्ताव रखा। इस पर सहमति बनाते हुए व्यापारी संवाद कार्यक्रम और प्रत्येक गुरुवार को




नगर भ्रमण आयोजित करने का निर्णय लिया गया।जिलाध्यक्ष कुलदीप गुप्ता ने नगर भ्रमण कार्यक्रम को व्यापारी दशा अभियान नाम देते हुए कहा कि व्यापारियों की जमीनी स्थिति को समझना जंरूरी है। साथ ही नगर को अतिक्रमण मुक्त बनाकर स्वच्छ व्यापारिक वातावरण तैयार करने पर जोर दिया जाएगा।मुख्य अतिथि सरदार बलदेव सिंह ने कहा कि देशभर में व्यापारी जागरूकता अभियान चल रहा है ।

## भगवान परशुराम से प्राप्त करें बल बुद्धि विद्या एवं समृद्धि...मौनी महाराज

अखंड भारत संदेश

**सुल्तानपुर..रविवार** को अक्षय तृतीया पर जिले भर में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।शहर मुख्यालय पर जहां परशुराम युवा वाहिनी मिशन परशुराम चौक द्वारा परशुराम चौक पर विविध आयोजन किया गए वहीं पयागीपुर चौराहे पर विप्र समागम का आयोजन हुआ।जिलेभर में कई स्थानों पर भगवान परशुराम की जयंती मनाई गई । शोभायात्राएं निकाली गई। भंडारे का आयोजन हुआ। सोशल मीडिया भी भगवान परशुराम की जयंती की



शुभकामनाओं के संदेशों से पटा रहा। विप्र सम्मेलन मे मुख्य अतिथि के रूप में पधारे सगरा आश्रम पीठाधीश्वर अभय चैतन्य मौनी महाराज ने दीप प्रज्वलित करते हुए कार्य क्रम की शुरूआत की। उन्होंने कहा आज पूरी दुनिया भगवान परशुराम के चरणों में नतमस्तक हो रही है । परशुराम की उपासना करने से विपत्तियों का नाश हो जाता है। आज सभी श्री राम के चरणों में है परशुराम के चरणों में है।

## समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं महिला सभा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुम्मैया राणा सुलतानपुर पहुंचीं

अखंड भारत संदेश

**सुल्तानपुर सुम्मैया** राणा नें सपा शहर अध्यक्ष गुफरान अहमद उर्फ सैफी के आवास पर पहुंचकर पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकताओं के साथ बैठक की।बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर रणनीति पर चर्चा हुई। खासतौर पर इसौली विधानसभा सीट को लेकर संगठनात्मक मजबूती और चुनावी तैयारियों पर मंथन किया गया।शहर अध्यक्ष गुफरान अहमद उर्फ सैफी ने बताया कि पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करने का कार्य तेजी से चल रहा है। कार्यकताओं को सक्रिय



करते हुए जनसंपर्क अभियान को भी गति दी जा रही है।सुम्मैया राणा ने कार्यकताओं से एकजुट होकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही चुनाव में सफलता की कुंजी है।बैठक में संगठन विस्तार,कार्यकर्ता संवाद और क्षेत्रीय मुद्दों को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई।

# भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर निकाली गई शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

अखंड भारत संदेश





**चित्रकूट।** भगवान परशुराम की जयंती के अवसर पर राजापुर कस्बा भक्ति, और श्रद्धा के साथ तुलसी जन्म कुटीर से विधि-विधान के साथ विधिवत पूजा-अर्चना के उपरांत हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। भगवान परशुराम की जय के गगनभेदी जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

शोभायात्रा में भगवान परशुराम, भगवान विष्णु, बजरंगबली की आकर्षक संजीव झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। इन झांकियों में परशुराम के जीवन प्रसंगों का सुंदर और जीवंत चित्रण किया गया, जिसे देखकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। ढोल-नगाड़ों की गूंज और डीजे की धुनों पर युवा व बच्चे उत्साहपूर्वक नाचते-गाते नजर आए। पूरी यात्रा के दौरान श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर जयकारे लगाते रहे। यह भव्य शोभायात्रा कस्बे के मानस मंदिर, सब्जी मंडी, रामलीला रोड, सराय तलैया चैराहा, स्मारक रोड और तुलसी चैक आदि मार्गों से निकली गई तथा जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया और भगवान परशुराम के प्रति अपनी आस्था प्रकट की।

कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा, समाजसेवी सुनील मिश्रा, वीरेंद्र द्विवेदी, धीरेंद्र मिश्रा, प्रिंस त्रिपाठी, अनिल त्रिपाठी, अशोक द्विवेदी, राम लोटन पाण्डेय, सुशील द्विवेदी, प्रशांत तिवारी और मनोज द्विवेदी सहित वक्ताओं ने शोभा यात्रा से पूर्व अपने-अपने विचार व्यक्त किया। नगर पंचायत अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान परशुराम का जीवन हमें सत्य, धर्म और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में एकता, भाईचारे और सांस्कृतिक जागरूकता को मजबूत करते हैं।

शोभा यात्रा में पूर्व विधायक आनंद शुक्ला, समाजसेवी सुनील मिश्रा वीरेंद्र द्विवेदी, धीरेंद्र मिश्रा, राम लोटन पाण्डेय, सत्यव्रत मिश्रा, अमित पाण्डेय, संतोष शुक्ला, बृजेश शुक्ला, विनय पाण्डेय, रामनरेश द्विवेदी, प्रशांत तिवारी, सुशील द्विवेदी, अनुज शुक्ला, रावेन्द्र मिश्रा, अशोक द्विवेदी, अभिषेक पाण्डेय, प्रिंस त्रिपाठी, लवकुश पाण्डेय, मनोज द्विवेदी, गंगा प्रसाद पाण्डेय, भानु द्विवेदी, अनुज हनुमंत, गणेश प्रसाद शुक्ला, प्रियांश मिश्रा, भोलू द्विवेदी आदि लोग मौजूद रहे।

इसी क्रम में जनपद मुख्यालय स्थित कर्वी के ऋषि सत्संग भवन गंगा जी रोड ब्रह्मचर्य इंटर कॉलेज के पास परशुराम जन्मोत्सव समिति जनपद चित्रकूट एवं विप्र समाज के द्वारा धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम उपस्थिति सभी सम्मानित अतिथियों परशुराम जन्मोत्सव समिति के सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलित कर उपस्थित सभी विप्र समाज के लोगों द्वारा पुष्प अर्पित किए गए ब्राह्मणों द्वारा स्वस्तिवाचन किया।

अतिथियों के सम्मान में नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा संगीत के माध्यम से गीत प्रस्तुत किया गया। जिसमें जयप्रकाश पांडेय, राकेश द्विवेदी, अरविंद मिश्रा, ब्लाक प्रमुख सुशील द्विवेदी द्वारा बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। वक्ताओं ने अपनी बात समाज को एकजुट करने और किसी साथी के साथ कोई अन्याय के खिलाफ आवाज उठाएं हो तो सभी लोग मिलकर के उसका साथ दे यह संकल्प लिया गया।

वक्ताओं में सुशील मिश्रा, शशांक द्विवेदी, विजय शुक्ला, बादल पयासी, रावेंद्र गौतम, बराती लाल पांडेय, वीरेंद्र पांडेय, गणेश मिश्रा, डॉक्टर सुरेंद्र द्विवेदी, हीरो मिश्रा, महिला शक्ति में अर्चना उपाध्याय, रंजना पांडेय, गायत्री पांडेय, जगदीश गौतम, अभिषेक पांडेय, शोभा यात्रा में विधायक प्रतिनिधि पिंटू द्विवेदी, चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, विनय मिश्रा, विनीत, बृजेंद्र शुक्ला, घनश्याम द्विवेदी, प्रमोद गौतम, गांगुली महाराज, मोनू गुप्ता, पंकज शुक्ला, अरुण मिश्रा, पंकज तिवारी, शैलेंद्र पांडेय, भोला गर्ग, विपुल, अरविंद पांडेय, कामता द्विवेदी, विपिन तिवारी, छेदी गौतम, अमित द्विवेदी, नगर पंचायत अध्यक्ष मऊ श्याममूरत गौतम, मनोज द्विवेदी, सोनू शुक्ला, शिव भूषण त्रिपाठी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## अग्निसुरक्षा सप्ताह जारी : व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण, अस्पताल स्टाफ को प्रशिक्षण दिया



**चित्रकूट।** चित्रकूट में 14 से 20 अप्रैल 2020 तक अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस और अग्निसुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। इस दौरान अग्निशमन टीम चित्रकूट द्वारा जनपद के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और बहुमंजिला भवनों का निरीक्षण किया जा रहा है। साथ ही, अग्निसुरक्षा से संबंधित जन जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं।

यह दिवस प्रतिवर्ष 14 अप्रैल को उन 66 अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि देने के लिए मनाया जाता है, जिन्होंने 14 अप्रैल 1944 को मुंबई बंदरगाह पर हुए भीषण अग्निकांड में अपने प्राणों का बलिदान दिया था। इसी दिन से एक सप्ताह तक अग्निसुरक्षा सप्ताह भी मनाया जाता है। इस वर्ष भी इसी क्रम में अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह के तहत विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में मुख्य अग्निशमन अधिकारी यदुनाथ सिंह के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। इसी कड़ी में, 19 अप्रैल 2020 को फायर स्टेशन कर्वी के प्रभारी अग्निशमन अधिकारी पवन कुमार त्यागी द्वारा जिला चिकित्सालय खोह, चित्रकूट में समस्त स्टाफ को अग्निसुरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान पंपलेट का वितरण कर आमजनमानस को भी जागरूक किया गया।

## प्रजनन स्वास्थ्य संवर्धन के लिए करें पवनमुक्तासन

अखंड भारत संदेश



**चित्रकूट।** जनपद के मुख्यालय स्थित कुबेरगंज में योगाचार्य रमेश सिंह राजपूत ने रविवार को योगाभ्यास कराते हुए बताया कि रीढ़, पेट, पीठ और रिप्रोडक्टिव सिस्टम की शिथिलता के कारण शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ जाता है।

श्रोणि (पेल्विक) की मांसपेशियों और प्रजनन अंगों के स्वास्थ्य में बेहतर प्रभाव डालने वाला, पीठ के निचले हिस्से की मांसपेशियों को मजबूत बनाने वाला, रीढ़ में सुधार करने वाला, पेट की गैस, पाचन क्रिया और कब्ज में सकारात्मक सुधार करने वाला पवनमुक्तासन भाग 2 का अभ्यास बहुत ही प्रभावशाली है। अपनी दैनिक दिनचर्या में इसे शामिल करके मन मस्तिष्क और शारीरिक खुशहाली प्राप्त की जा सकती है। इसे करने के लिए पीठ के बल सीधे लेट कर श्वास छोड़ते हुए दोनों पैरों को घुटनों से मोड़ते हुए दोनों जांघों को एक साथ मिलाकर सीने की तरफ लाते हैं, दोनों हाथों की उंगलियों को आपस में फंसा कर घुटनों के थोड़ा नीचे रखकर गहरा सांस लेकर छोड़ते हुए दबाव देकर सिर और कंधों को ऊपर की ओर उठाते हैं और घुटनों के बीच के स्थान में नाक स्पर्श कराने का प्रयास करते हैं, फिर 10 सेकंड तक इस स्थिति में रुकते हैं, सांस लेकर छोड़ते हुए धीरे-धीरे सिर कंधों और पैरों को वापस शवासन की स्थिति में लाते हैं। इसे तीन से पांच बार दोहराते हैं। सावधानी के तौर पर हाई ब्लड प्रेशर, गंभीर कमर दर्द, साइटिका और सर्वाइकल की स्थिति में इसे योग विशेषज्ञ की देखरेख में करना चाहिए।

## विद्युत कर्मियों ने पैसा लेने के बावजूद नहीं दी रसीद, उपभोक्ता ने लगाए आरोप

**चित्रकूट।** भरतकूप पहरा रोड निवासी अशोक कुमार मिश्रा ने उच्चाधिकारियों को भेजे शिकायती पत्र में बताया कि बीती 13 अप्रैल को बेटी की तबीयत खराब होने के कारण वह कर्वी दवा लेने चले आए थे। इस दौरान विद्युत विभाग के अवर अभियंता उनके घर गए और दरवाजा खोलवाने का प्रयास करने लगे। जिस पर घर के अंदर मौजूद उनकी बहू ने बताया कि घर में कोई पुरुष सदस्य नहीं है और कुछ देर बाद घर के अन्य सदस्यों के आने पर दरवाजा खुलेगा। इस पर अवर अभियंता ने अपशब्दों का प्रयोग करते हुए बिल बकाया होने का बहाना लेकर लाइट काटने की धमकी दी। हालांकि उनकी बहू ने कहा कि कुछ ही देर बाद बिजली का भुगतान जमा करा दिया जाएगा। जिसके बावजूद अवर अभियंता ने नाराजगी जाहिर करते हुए गांव के अन्य लोगों की भी लाइट कटवाने की धमकी दी। साथ ही मीटर के पास से पूरी केबल काटकर ले गए। घर लौटने पर इसकी जानकारी होने पर उन्होने नोडल अधिकारी से बात की तो बताया गया कि अवर अभियंता नाराज हैं ऐसे में लाइनमैन को 8500 रुपये देने पर लाइन वापस जोड़ दी जाएगी। जिस पर उन्होंने लाइनमैन को 8500 रुपये देकर अपनी लाइन जोड़वा ली। और दी गई धनराशि की रसीद मांगी जिस पर उन्होंने कहा कि अवर अभियंता मनीष व्याल रसीद देगें। रसीद लेने के लिए जब वह अवर अभियंता के पास गए तो उन्होंने कहा कि एक माह पूर्व भी उन्होंने 30000 हजार रुपये लेने के बाद रसीद नहीं दी थी। रसीद मांगने पर वह फिर लाइट कटवा देगें। शिकायतकर्ता ने मामले की जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाई की मांग की है।

## महिला खेल लीग अस्मिता का आयोजन 3 मई को

**चित्रकूट।** जनपद मुख्यालय में रविवार को ओलिंपिक एसोसिएशन के कार्यालय में महिला खेल आयोजन की बैठक विवेक अग्रवाल अध्यक्ष ओलिंपिक एसोसिएशन चित्रकूट की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें आयोजन के लिए विभिन्न विषयों पर चर्चा कर निर्णय लिए गए। बैठक में विशेष रूप से डॉ. तुषार कान्त शास्त्री, कमलेश कुमार, राजकुमार निषाद एवं महिला प्रतिनिधि रूपा अग्रवाल सहित विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित रहे। बताया कि प्रतियोगिता में वालीबॉल खेल होना है, जिसमें ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों तथा विद्यालयों की महिला टीमों की प्रतिभागिता रहेगी। खेल आयोजन के सफल संचालन को लेकर विभिन्न दायित्वों पर भी विस्तृत चर्चा हुई। अध्यक्ष ओलिंपिक एसोसिएशन ने बताया कि सभी खिलाड़ियों को सर्टिफिकेट, मेडल तथा महिला वालीबॉल प्रतियोगिता में विजेता, उपविजेता एवं तृतीय स्थान को शील्ड से पुरस्कृत किया जाएगा। टूनार्मेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया जाएगा। आयोजन समिति ने बताया कि यह खेल आयोजन महिलाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता को बढ़ाने का काम करेगा एवं प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान करेगा।

## कामदगिरि परिक्रमा मार्ग में चलाया गया सफाई अभियान

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट ।** अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर कामतानाथ परिक्रमा मार्ग में एक व्यापक एवं प्रभावी महासफाई अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान जिलाधिकारी पुलकित गर्ग एवं नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता के कुशल निर्देशन में नगर पालिका परिषद चित्रकूट धाम एवं कामदगिरि स्वच्छता समिति के संयुक्त सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

अभियान के अंतर्गत कामदगिरि परिक्रमा मार्ग के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर विशेष सफाई कार्य कराया गया। विशेष रूप से भारत मिलाप मंदिर के समीप व्यापक सफाई अभियान चलाते हुए कूड़ा-करकट का निस्तारण, मार्ग की सफाई एवं आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित किया गया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा स्वयं उपस्थित रहकर सफाई कार्यों का निरीक्षण एवं संचालन किया गया।

कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष राकेश केशरवानी ने परिक्रमा मार्ग को स्वच्छ बनाए रखने की अपील की साथ ही, अभियान के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं, स्थानीय नागरिकों एवं दुकानदारों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया तथा उन्हें यह संदेश दिया गया कि स्वच्छता केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। सभी से अपील की गई कि वे कूड़ा निर्धारित स्थान पर ही डालें, प्लास्टिक का उपयोग कम करें तथा अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत विशेष रूप से नागरिकों से अनुरोध किया गया कि वे नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ बनाने के लिए प्रशासन का सहयोग करें तथा स्वच्छता से जुड़े नियमों का पालन करें। यह भी बताया गया कि जनसहभागिता से ही स्वच्छ सर्वेक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन संभव है।

स्वच्छ भारत मिशन (नगरी) के जिला कार्यक्रम प्रबंधक शिवा कुमार ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है साथ ही इस महासफाई अभियान का मुख्य उद्देश्य कामदगिरि परिक्रमा मार्ग को स्वच्छ, सुंदर एवं श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित एवं सुगम बनाना है, जिससे आने वाले श्रद्धालुओं को एक स्वच्छ एवं सकारात्मक वातावरण प्राप्त हो सके। यह अभियान जन-जागरूकता के साथ-साथ सामूहिक प्रयासों का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है।

इस अवसर पर रसूल खान वन विभाग, जितेंद्र केशरवानी, राजेंद्र त्रिपाठी, कृष्णा शुक्ला, जानकी, विनोद, राकेश केशरवानी, राजेंद्र त्रिपाठी, कृष्णा शुक्ला, अंजू वर्मा, विनोद कुमार, जानकी त्रिपाठी, देशराज शुक्ला, सफाई नायक जानकी कुशवाह, सफाई नायक विनोद सहित अन्य कर्मचारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## महंत भरतदास के खिलाफ वाल्मीकि आश्रम में धरने पर बैठे पूर्व सांसद

अखंड भारत संदेश



**चित्रकूट।** पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा ने अपने परिवार की महिलाओं के प्रति अभद्र टिप्पणी करने के मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई है। साथ ही महंत भरतदास की गिरफ्तारी की मांग को लेकर रविवार को समर्थकों के साथ वाल्मीकि आश्रम में धरना भी दिया।

पूर्व सांसद भैरव प्रसाद मिश्रा ने बताया कि लालापुर स्थित वाल्मीकि आश्रम के कथित साधू पर पिछले कुछ महीनों में सात-आठ मुकदमें मारपीट, बलवा व आतंक फैलाने के दर्ज हो चुके है। आरोपी ने सोशल मीडिया में उनके और उनके पिता के लिए बहुत ही अभद्र व अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया है। जिससे क्षेत्र व पूरे देश में उनकी प्रतिष्ठा खराब हुई है। झूठी बातों व अमर्यादित भाषा से उन्हें ठेस पहुंची है। साथ ही उनके परिवार व समर्थक आक्रोशित है। उन्होंने वीडियो साक्ष्य प्रस्तुत करते हुए कर्वी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। इसके बाद पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा अपने छोटे भाई पूर्व विधायक दिनेश प्रसाद मिश्रा व समर्थकों के साथ वाल्मीकि आश्रम लालपुर पहुंचे, जहां उन्होंने आरोपी महंत भरतदास की गिरफ्तारी की मांग की और धरने पर बैठ गए। इस दौरान मानिकपुर ब्लाक प्रमुख अरविंद मिश्रा, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे, राष्ट्रीय रामायण मेले के अध्यक्ष प्रशांत करवरिया, जिला पंचायत सदस्य विनीत द्विवेदी, पूर्व प्रधान श्लोक मिश्रा, रैपुरा के क्रांतिकारी युवा नेता केशव विष्णु पंण्डित, युवा नेता उज्ज्वल गुप्ता आदि ने पूर्व सांसद के परिवार के प्रति अभद्र टिप्पणी करने के मामले में कार्यवाही की मांग की। धरना स्थल पर पहुंचकर मानिकपुर के उपजिलाधिकारी मोहम्मद जसीम ने भाजपा नेताओं से वार्ता की और उन्होंने ज्ञापन लेने के बाद आश्वासन दिया कि उच्चाधिकारियों के आदेशों का अक्षरसः पालन कराया जाएगा। जिसके बाद भाजपा नेताओं ने धरना समाप्त कर दिया। धरना समाप्त करने की बात कही।

## आबकारी ने चलाया अभियान

**चित्रकूट।** आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार एवं जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के कुशल मार्गदर्शन में जनपद चित्रकूट में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए संचालित विशेष प्रवर्तन अभियान के क्रम में जिला आबकारी अधिकारी, चित्रकूट के निर्देशन में अधीनस्थ स्टाफ सहित थाना भरतकूप क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रसिन रौली कल्याणपुर तथा सुदिनपुर के संदिग्ध स्थलों पर दबिश दी गई तथा सघन तलाशी ली गई।

## अग्निसुरक्षा के प्रति किया गया जागरुक

**चित्रकूट।** अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस के क्रम में 14 से 20 अप्रैल तक अग्निशमन टीम चित्रकूट द्वारा जनपद के व्यवसायिक प्रतिष्ठान बहुखण्डीय भवनों का निरीक्षण अग्निसुरक्षा से सम्बन्धित जनजागरण सुरक्षित, विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल में कार्यक्रम आयोजित कर आमजनमानस को जागरुक किया गया। 14 अप्रैल 1944 को मुम्बई बन्दरगाह पर घटित भीषण अग्निकॉण्ड में 66 अग्निशमन कर्मियों ने अपने प्राणों की आहूति दी थी, उन दिवंगत अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए प्रतिवर्ष 14 अप्रैल को अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस एवं उसी दिन से एक सप्ताह तक अग्निसुरक्षा सप्ताह मनाया जाता है। इसी क्रम में इस वर्ष भी 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस एवं उसी दिन से एक सप्ताह तक अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में यदुनाथ सिंह मुख्य अग्निशमन अधिकारी के नेतृत्व में रविवार को फायर स्टेशन कर्वी प्रभारी अग्निशमन अधिकारी पवन कुमार त्यागी द्वारा जिला चिकित्सालय खोह में समस्त स्टॉफ को प्रशिक्षित कर पंपलेट का वितरण किया।

# तेल, गैस...भारत का दिल देखो

# मुसीबत में एक नहीं अनेक देशों को कर रहा मदद

**अफ्रीका**

**पूरी** दुनिया के सामने ऊर्जा संकट है। यूरोप से लेकर अफ्रीका और अफ्रीका से लेकर एशियाई देश हर कोई ऊर्जा संकट के लिए परेशान है। वजह साफ है अमेरिका ईरान जंग के कारण स्टेट ऑफ हार्मोस बंद और फिर इससे पूरे दुनिया के ग्लोबल सप्लाई चेन पर असर। ऐसे में भारत के पड़ोसी देश मुसीबत में हैं तो क्या भारत इनका साथ छोड़ देगा? जवाब है नहीं। यही जानकारी भारत के विदेश मंत्रालय से सामने आई है। बात भूटान की हो, नेपाल की हो, श्रीलंका की हो, मॉरिसिस की हो, हर जगह भारत ने उनकी ऊर्जा सुरक्षा को सुनिश्चित करने का काम किया है। पड़ोसी कई एक पड़ोसी मुल्क से हमारे पास उनकी तरफ से अनुरोध आया है कि हम उनको ऊर्जा सामग्री उनको उपलब्ध कराएं। कई एक देशों को भारत ऊर्जा सामग्री उपलब्ध करा रहा है। लेकिन इस दरमियान भारत की अपनी जरूरतें हैं उसको मद्देनजर रखते हुए और किस प्रकार की यहां पर उपलब्धि है उसको मद्देनजर रखते हुए किया जा रहा है। भारत ने बांग्लादेश को 22,000 मेट्रिक टन हाई स्पीड डीजल मार्च के महीने में मुहैया कराया था और साथ ही साथ इस महीने भी हमारे जो उनको ऊर्जा सामग्री और डीजल दी जाती है वह भी उनको दिया जा रहा है।

श्रीलंका के संदर्भ में आपको पता है कि 38,000 मेट्रिक टन के पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स भारत ने पिछले महीने उनको भेजा था। एक सप्ताह पहले हमारे विदेश मंत्री मॉरिशस के दौरे पर गए थे। उस दौरान दोनों देशों के बीच में



बातचीत हुई इस मुद्दे पर और अभी हम लोग इस प्रक्रिया में हैं कि दोनों देशों के बीच में गवर्नमेंट टू गवर्नमेंट के स्तर पर एक एग्रीमेंट को रूप फाइनल रूप देने की प्रयास कर रहे हैं ताकि मॉरिशस की जो ऊर्जा स्थिति है वह बेहतर हो और भारत उनको ऑयल और गैस प्रदान करें। जहां तक नेपाल का सवाल है, नेपाल और भारत के बीच जो पहले से चल रहे जो जो एग्रीमेंट हैं, एक तो एग्रीमेंट इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन और नेपाल के बीच में है जिसके तहत हम उनको पेट्रोलियम पदार्थ उसको उनको उपलब्ध कराते हैं। और यह उनकी जरूरतों के मुताबिक उनको मुहैया कराया जा रहा है।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि बिना कोई इंटरप्शन के, बिना कोई बाधा के उनको दिया जा रहा है। उसी तरह भूटान के साथ भी हमारे दोनों देशों के बीच में एक समझ है, एक साझेदारी है। ऊर्जा पदार्थ को लेके उनको भी ऊर्जा हम मुहैया करा रहे हैं। जहां तक मालदीव और सेशल्स की बात है, उनसे भी कुछ हमारे पास अनुरोध आया है और अह उनसे उनसे हमारी लगातार इस मामले में बातचीत चल रही है। मैं साथ-साथ यह भी कहना चाहूंगा कि हमारे पड़ोसी देशों की तरफ से उनके सरकार की तरफ से उन्होंने इस बात की सराहना की है कि हम लोग भारत की तरफ से उनको ऊर्जा सामग्री उनको इस दौरान जब पश्चिम एशिया में संघर्ष चल रहा है इस दरमियान उनको मुहैया कराया जा रहा है।

# अमेरिका के बेस पर सीरिया की आर्मी का पूरा कब्जा, मिडिल ईस्ट में ये क्या हो गया?

**अमेरिका**

**सीरियाई** डेमोक्रेटिक फोर्स ने अब अमेरिकी बेस का नियंत्रण अपने हाथों में ले लिया है। कसरात बेस से आई तस्वीरों में में सीरियाई फोर्स के जवान दिखाई दे रहे हैं और तमाम गाड़ियों के साथ माल की आवाजाही दिखाई दे रही है। इस बेस की सुरक्षा में तैनात सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्सेस की तस्वीरें सामने आई हैं। सीरिया के विदेश मंत्रालय के मुताबिक मध्य पूर्व के उथल पुथल भरे माहौल में एक नया अध्याय आया है। सीरिया ने अमेरिका द्वारा संचालित सभी सैन्य बेसों पर अपना नियंत्रण ले लिया है। यह ट्रांसफर पूरी कोऑर्डिनेशन के साथ हुआ है। यह घटना महज एक सैन्य बदलाव नहीं बल्कि क्षेत्रीय शक्ति संतुलन आतंकवाद विरोधी अभियान अंतरराष्ट्रीय संबंधों के भविष्य को प्रभावित



करने वाली है। अमेरिकी सेना सीरिया में साल 2014 से मुख्य रूप से आईएसआईएस के खिलाफ गठबंधन का हिस्सा थी। 2019 में खलीफा बगदादी के मारे जाने के बाद आईएसआईएस की सैन्य क्षमता लगभग खत्म हो गई। फिर भी अमेरिका कुछ बेस जैसे अल तरफ नॉर्थ ईस्टर्न बेस पर मौजूद था ताकि आईएसआईएस के वापस से खड़े होने की आशंका को भी खत्म किया जा सके और कुछ समर्थित बलों को अब पूरी तरीके से ट्रांसफर का मतलब है कि अमेरिका ने अपनी कंडीशन बेस्ड वापसी की नीति को पूरा कर लिया है। सीरिया के लिए यह घटना एक कूटनीतिक जीत है। दमिश्क अब इन बेसों को अपनी संप्रभुता के प्रतीक के रूप में इस्तेमाल कर सकता है। दोनों देशों के बीच समन्वय का उल्लेख तनाव कम होने का संकेत भी देता है।

यह साल 2025-26 में शुरू हुई अमेरिकी वापसी की प्रक्रिया का अंतिम चरण मालूम पड़ता है। माना जा रहा है कि इस क्षेत्र में स्थिरता अब और बढ़ सकती है क्योंकि सीरियाई सेना अब सीमा क्षेत्र जैसे इराक, जॉर्डन ट्राई बॉर्डर की सुरक्षा खुद संभाल रही है। हालांकि खतरा यह भी है कि आईएसआईएस के अभी भी कुछ लड़ाके आतंकी छिपे हुए हो सकते हैं। बेसों के बिना अमेरिकी निगरानी कम होने से यह वापस अपने पैरों पर खड़ा हो सकते हैं। सीरिया के लिए सबसे बड़ा समस्या यह है कि बेसों का प्रबंधन महंगा और जटिल होता है। यदि सीीयाई सेना इसमें सफल नहीं हुई तो फिर अस्थिरता बढ़ सकती है।

# नेपाली पीएम का नया खेल, भारत से 100 रुपए से ज्यादा खर्च तो देना होगा टैक्स

**नेपाल**

**क्या** अब 100 रुपए की छोटी सी खरीदारी भी बन सकती है बड़ी मुसीबत? क्या सीमा पार सामान लाना अब जेब पर भारी पड़ने वाला है? क्या इस नए फैसले से बदल जाएगी लाखों लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी? दरअसल नेपाल सरकार ने हाल ही में भारत से होने वाली छोटी खरीदारी पर एक महत्वपूर्ण नीति लागू की है। जिसके तहत 100 रुपए से अधिक के सामान पर कस्टम ड्यूटी देना अनिवार्य कर दिया गया है। इस फैसले का उद्देश्य देश में घरेलू उत्पादों को बढ़ावा देना और



राजस्व बढ़ाना बताया जा रहा है। लेकिन इसका असर खासतौर पर सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों और छोटे व्यापारियों पर साफ दिखाई देने वाला है। भारत नेपाल सीमा के पास रहने वाले लोग लंबे समय से रोजमर्रा की जरूरतों के लिए एक दूसरे के बाजारों पर निर्भर रहे हैं।

खासकर नेपाल के नागरिक अक्सर सस्ते और आसानी से उपलब्ध सामान के लिए भारतीय बाजारों का रुख करते हैं।


# न्यूक्लियर प्लांट से बदलेगी देश की तस्वीर



**बांग्लादेश**

**बांग्लादेश** ने घोषणा की है कि वह इस साल के भीतर ही अपने राष्ट्रीय ग्रिड से परमाणु ऊर्जा को जोड़ना शुरू कर देगा। यह उसके ऊर्जा क्षेत्र में एक बड़ा कदम है, क्योंकि देश पश्चिम एशिया की स्थिति के कारण चल रहे ऊर्जा संकट का सामना कर रहा है। अधिकारियों के अनुसार, ईश्वरदी उपज़िला में स्थित रूपपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र की कम से कम एक यूनिट से इस साल राष्ट्रीय ग्रिड को बिजली की आपूर्ति शुरू होने की उम्मीद है। यह काम राष्ट्रीय सहयोग से होगा, क्योंकि सरकार ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने और बिजली की स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। बांग्लादेश परमाणु ऊर्जा नियामक प्राधिकरण (BAERA) ने रूपपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र की पहली यूनिट के लिए ईंधन भरने की गतिविधियाँ शुरू करने हेतु एक कमीशनिंग लाइसेंस जारी किया है। यह मंजूरी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय, दोनों तरह के नियामक निकायों द्वारा किए गए आकलन और टिप्पणियों के बाद दी गई है।

# ईरान जंग की सबसे बड़ी खबर, 49 दिन बाद पूरी तरह खोला गया होर्मुज स्ट्रेट



**ईरान**

**ईरान** के विदेश मंत्री अराघची ने शुक्रवार को घोषणा की कि होर्मुज जलडमरूमध्य से सभी कमर्शियल जहाजों के गुजरने का रास्ता, सीजफायर की बाकी अवधि के लिए पूरी तरह से खोल दिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि जलडमरूमध्य से जहाजों का गुजरना उसी तय रास्ते से होगा, जिसकी घोषणा ईरान के बंदरगाह और समुद्री संगठन ने पहले ही कर दी थी। एक्स पर एक बयान में उन्होंने कहा कि लेबनान में सीजफायर के मद्देनजर, होर्मुज जलडमरूमध्य से सभी कमर्शियल जहाजों के गुजरने का रास्ता, सीजफायर की बाकी अवधि के लिए पूरी तरह से खोल दिया गया है; यह उसी तय रास्ते से होगा, जिसकी घोषणा इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के बंदरगाह और समुद्री संगठन ने पहले ही कर दी थी।

इससे पहले, अमेरिका ने कहा था कि वह होर्मुज जलडमरूमध्य की नौसैनिक नाकेबंदी शुरू करेगा; यह कदम तब उठाया गया, जब ईरान ने फरवरी में अपने ऊपर हुए अमेरिका-इजरायल हमले के जवाब में, दुनिया के सबसे व्यस्त तेल शिपिंग मार्ग को हफ़्तों तक प्रभावी रूप से बंद रखा था।

# पलट गया खेल.. ट्रंप को 'न्यूक्लियर बम' सौंपेगा खलीफा?

**ईराना**

**ईरानी** हुक्मरानों से ऐसी क्या डील मुनीर नेकर ली कि वाशिंगटन में बैठे आकर ट्रंप इतने खुश हो गए। यह दावा करने लगे कि ईरान परमाणु बम के लिए जरूरी संवर्धित यूरेनियम सौंपने के लिए तैयार हो गया। जिस यूरेनियम का पता ट्रंप की सेना और ट्रंप के एजेंट्स 40 दिनों की जंग में नहीं लगा पाए। नतांज से लेकर इसहान तक ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले करते गए। ट्रंप ने यहां तक दावा कर दिया कि ईरान की परमाणु क्षमता हमने खत्म कर दी है। अब वो 20 साल तक परमाणु बम बना नहीं सकता।




जिस डस्ट को ढूंढ नहीं पाए वो अब ईरान खुद सौंप देगा। ईरान के साथ पूरी जंग इसी यूरेनियम के लिए छिड़ी थी। एक वक्त ऐसा आया कि लगा ईरान को घुटनों पर लाने के लिए ट्रंप टारगेटेड एटम बम का इस्तेमाल करने वाले हैं। जंग के छठवें हफ्ते में ट्रंप ने मीडिया के सामने यह बयान दिया कि वह एक रात में ईरान की पूरी सभ्यता को खत्म कर देंगे। ट्रंप ने ऐसा किया तो नहीं लेकिन इस बयान के बाद ईरान और उग्र हो गया। ईरानी संसद में यह प्रस्ताव तक ला दिया गया कि उसे अब परमाणु अप्रसार संधि से हट जाना चाहिए और परमाणु बम के लिए जरूरी यूरेनियम का संवर्धन और तेज कर देना चाहिए। ईरान को यह ख्याल अपने 60% एनरच्ड 400 किलो यूरेनियम की वजह से आया। आपको बताते हैं इतने एनरइ्ड यूरेनियम से ईरान क्या-क्या कर सकता है। ईरान 400 किलो यूरेनियम 60% तक संवर्धित कर चुका है। यानी यूरेनियम में बम के लिए जरूरी व235 को 60% तक बढ़ा दिया गया है। प्राकृतिक रूप से यूरेनियम की चट्टानों में व35 तत्व 0.7% पाया जाता है। 60% एम्ब्रिज यूरेनियम का कोई ऊर्जा इस्तेमाल नहीं होता। इससे बॉम्ब ही बनता है। 60% संवर्धन के बाद यूरेनियम को बहुत कम समय में 90% किया जा सकता है। 400 किलो 90% संवर्धित यूरेनियम से ईरान कम से कम 10 परमाणु बम बना सकता है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर ट्रंप तो यह बात राष्ट्रपति बनने के बाद से ही कह रहे हैं।

# भारत और चीन ने आपसी जुड़ाव को फिर से बनाने की दिशा में एक और कदम आगे बढ़ाया

**चीन**

**भारत** और चीन ने आपसी जुड़ाव को फिर से बनाने की दिशा में एक और कदम आगे बढ़ाया है। दोनों देशों ने नई दिल्ली में शंघाई सहयोग संगठन से जुड़े मामलों पर अपनी पहली द्विपक्षीय बातचीत की। वास्तविक नियंत्रण रेखा पर लंबे समय से चले आ रहे विवाद को सुलझाने की दिशा में जारी प्रयासों के बीच, यह एक और उच्च-स्तरीय बातचीत है। भारत के रउड राष्ट्रीय समन्वयक, राजदूत आलोक ए. डिमरी, और उनके चीनी समकक्ष, राजदूत यान वेनबिन, के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडलों के बीच हुई दो-दिवसीय बातचीत का मुख्य जोर रउड के ढांचे के भीतर दोनों देशों के रुख में तालमेल बिठाने पर था; लेकिन इस बातचीत का समय एक बड़े रणनीतिक बदलाव की ओर भी इशारा करता है। यह बातचीत ऐसे समय में हुई है, जब पश्चिम एशिया संकट को लेकर चचाएँ जारी हैं। इसके अलावा, यह बात भी महत्वपूर्ण है कि पूर्वी लद्दाख में वर्षों तक चले सैन्य गतिरोध के बाद, भारत और चीन किस तरह सावधानीपूर्वक टकराव की स्थिति से हटकर, एक संतुलित सहयोग की ओर आगे बढ़ रहे हैं।

इन परामर्शों में रउड नेताओं के निर्णयों के कार्यान्वयन की समीक्षा की गई और सुरक्षा, व्यापार, कनेक्टिविटी तथा लोगों के बीच आपसी आदान-प्रदान जैसे क्षेत्रों में भविष्य के सहयोग की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। अधिकारियों ने संवाद में संस्थागत निरंतरता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संयुक्त रूप से सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज से भी भेंट की। अभी की कूटनीतिक गति 2024 में पूरी हुई एक



अहम 'डिसएंगेजमेंट' (सैनिकों को पीछे हटाने) प्रक्रिया पर आधारित है। इस प्रक्रिया के तहत, भारत और चीन ने लंबी सैन्य और कूटनीतिक बातचीत के बाद छअउ (वास्तविक नियंत्रण रेखा) पर मौजूद तनाव वाले मुख्य बिंदुओं से अपने सैनिकों को पीछे हटा लिया था। सैनिकों को पीछे हटाने की यह प्रक्रिया–खास तौर पर डेपसांग और डेमचोक जैसे इलाकों में–2020 में गलवान घटना के बाद शुरू हुए सैन्य संकट के बाद पहली ठोस सफलता थी। तब से लेकर अब तक, दोनों पक्षों ने सैन्य कमांडर-स्तर की बातचीत और 'परामर्श और समन्वय के लिए कार्य तंत्र' के जरिए अपना संवाद जारी रखा है, जिससे सीमा पर धीरे-धीरे एक हद तक स्थिरता और पूवार्नुमान की स्थिति बहाल हुई है।

हाई लेवल डिप्लोमैटिक चैनल एक्टिव

सैन्य तनाव कम करने की प्रक्रिया के साथ-साथ, उच्च-स्तरीय राजनीतिक और कूटनीतिक आदान-प्रदान भी जारी रहे हैं, जिससे इस गति को बनाए रखने में मदद मिली है। रउड जैसे मंचों सहित, बहुपक्षीय बैठकों के दौरान वरिष्ठ नेतृत्व के बीच हुई मुलाकातों ने इस इरादे को और मजबूत किया है कि आपसी संबंधों को स्थिर रखा जाए और मतभेदों को विवादों में बदलने न दिया जाए।

हालिया द्विपक्षीय परामर्श, नई दिल्ली और बीजिंग दोनों की ओर से किया गया एक सोचा-समझा प्रयास दशार्ता है।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा, प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI NO. UPHIN/2001/09025

**प्रबन्धक**
अनूप मिश्रा

**ऑफिस मो.:** 9565333000

Email: akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादो का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा

# एक से बढ़कर एक हथियारों के साथ एस-500 भी ला रहे हैं! चीन-पाक में हड़कंप

## पुतिन दिल्ली आ रहे

**रूस**

**रूस** के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन लगातार दूसरे साल भारत आने वाले हैं। बता दें कि पूरी दुनिया में इस वक्त हलचल मचा दी है। लेकिन कहानी सिर्फ यहां पर बता दें कि पुतिन के दौरे की नहीं है। कहानी उस खतरनाक डिफेंस डील की है जो भारत की ताकत को बता दें कि कई गुना ज्यादा बढ़ा सकती है। दरअसल इस साल भारत में होने जा रहा है ब्रिक्स समिट 2026 जहां पुतिन का आना लगभग तय माना जा रहा है और बता दें कि खास बात इस दौरे की यह है कि पुतिन इससे पहले दिसंबर 2025 में भी भारत आ चुके हैं। यानी लगातार दूसरे साल पुतिन का भारत दौरा है और यह दिखाता है कि इंडिया रशिया पार्टनरशिप कितनी मजबूत हो चुकी है। लेकिन असली धमाका यहां पर है। रिपोर्ट्स के मुताबिक रूस अब भारत को सिर्फएस 500 ही नहीं बल्कि उससे कई गुना ज्यादा एडवांसएस 500 एयर डिफेंस सिस्टम देने की तैयारी में है और इतना ही नहीं रूस ये भी चाहता है कि भारत के साथ मिलकर एस 500 का जॉइंट प्रोडक्शन भी शुरू किया जाए।




एस 500 आखिर इतना खतरनाक क्यों है और पाकिस्तान और कई दुश्मन देश इससे डरते क्यों हैं? इसकी रेंज जो है र500 की ये 600 किमी है। एस 400 की 400 कि.मी. रिस्पांस टाइम र500 का 3 से 4 सेकंड है और र400 का करीब 10 सेकंड। हाइट कैपेबिलिटी की बात करें तो र500 200 कि.मी. स्पेस तक और एस 500 300 कि.मी. ट्रैकिंग पावर। ट्रैकिंग पावर की बात करें तो एस 500 100 टारगेट और एस 400 80 टारगेट। कैपेबिलिटी की बात करें तो एस 500हाइपरसोनिक बैलस्टिक मिसाइल और स्पेस टारगेट तक मार कर सकता है। और एस 400 की बात करें तो एयरक्राफ्ट ड्रोन क्रूज मिसाइल तक सीमित है। यानी यह साफ है कि र500 एक गेम चेंजर है।

अगर यह डील मेक इन इंडिया के तहत होती है तो भारत दुनिया के सबसे एडवांस्ड एयर डिफेंस सिस्टम बनाने वाले देशों में भी शामिल हो जाएगा। और इससे क्या होगा? अब आप उसे भी समझ लीजिए। भारत की सुरक्षा कई गुना ज्यादा मजबूत हो जाएगी। दुश्मनों के लिए डिट्रेस बढ़ेगा और ग्लोबल डिफेंस पावर में इंडिया की जो पोजीशन है वो कई गुना ज्यादा ऊपर चली जाएगी। पुतिन का लगातार भारत आना यह भी साफ दिखाता है कि रूस आज भी भारत को अपना सबसे ज्यादा भरोसेमंद स्ट्रेटेजिक पार्टनर मानता है और ब्रिक्स जैसे मंच पर भारत की ग्लोबल लीडरशिप और भी ज्यादा मजबूत होती हुई भी इससे नजर आ रही है। तो कुल मिलाकर देखें तो पुतिन का भारत दौरा सिर्फ एक डिप्लोमेटिक इवेंट नहीं है। ये एक ऐसा संकेत है कि भारत अब सिर्फ फॉलोअ नहीं बल्कि ग्लोबल पावर बन रहा है।